जीवन दर्शन

दैनिक

# ग्लोबल हेराल्ड

LOCAL TO GLOBAL

महानगर संस्करण

भाग्य के विपरीत होने पर अच्छा कर्म भी दुःखदायी हो जाता है। - चाणक्य

भूमि को यंग ग्लोबल लीडर के रूप में मिली मान्यता, जिनेवा में प्रतिष्ठित...

पृष्ठ 6 पर



www.globalherald.news

सोमवार 8 अप्रैल, 2024 » वर्ष 13 » अंक 57 » इंदौर-भोपाल से प्रकाशित » पेज 6 » मूल्य ₹ 2.00

## न्यूज ब्रीफ

### ब्रिटेन में हुई सबसे खौफनाक हत्या, शख्स ने किए अपनी ही पत्नी के 224 टुकड़े



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में एक शख्स ने दुनिया की सबसे खौफनाक हत्या को अंजाम दिया है। इस मर्डर के बारे में जानकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, आपके दिल की धड़कनें बढ़ जाएंगी, आपका दिमाग चकरा जाएगा। मर्डर की इस डरावनी वारदात में एस शख्स ने अपनी पत्नी के 224 टुकड़े कर डाले। इसके बाद उसके शरीर के हर टुकड़े को प्लास्टिक की थैलियों में भरकर नदी में फेंक दिया। इस क्रूर हत्यारे की उम्र अभी महज 28 वर्ष है। बताया जा रहा है कि इसने अपनी पत्नी पर सैकड़ों बार चाकू से वार किया और फिर उसके शरीर को 224 टुकड़ों में काट डाला। इस हत्या ने ब्रिटेन समेत पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। आरोपी ने बिना कोई कारण बताए हत्या करना कबूल कर लिया है। साज आज सुनाई जाएगी ।

### गोरखपुर से सपा प्रत्याशी काजल निषाद को आया हार्ट अटैक, लखनऊ रेफर



**नई दिल्ली।** गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) की उम्मीदवार और टेलिविजन अभिनेत्री काजल निषाद की तबियत रविवार की शाम को बिगड़ गई। तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्तपताल में भर्ती कराया गया। कुछ रिपोट्र्स के मुताबिक उन्हें अस्पताल में ही भर्ती रहने के दौरान दिल का दौरा पड़ा। ECG रिपोर्ट देखने के बाद तुरंत डॉक्टर्स सतर्क हुए और उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल रेफर किया। देर रात परिजन व पार्टी कार्यकर्ता एम्बुलेंस से उन्हें लेकर लखनऊ रवाना हुए। इसकी सूचना राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भी दे दी गई है। मिली जानकारी के मुताबिक काजल निषाद की तबियत शुक्रवार की शाम को खराब हुई थी।

### अब बदमाशों से होगी मुठभेड़ जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तैयार की हिट लिस्ट



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ गोलीबारी में एक उप निरीक्षक के शहीद होने के बाद बदमाशों को लेकर जम्मू-कश्मीर पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने एक बदमाश के मारे जाने के बाद 15 वर्षों में विभिन्न जिलों से सक्रिय 100 से अधिक बदमाशों की सूची तैयार की है। इस सूची में 116 सक्रिय गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीटर और कुख्यात अपराधियों के नाम शामिल हैं। पंजाब, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों से पुलिस और बदमाशों के बीच गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही थीं। कठुआ गोलीबारी ने पुलिस को सतर्क कर दिया है और कुख्यात अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। जम्मू में 48, कठुआ में 38 और सांबा में 30 सक्रिय हिस्ट्रीशीटरों की पहचान की गई है। पुलिस बदमाशों के खिलाफ 17 सूत्री एजेंडे पर काम कर रही है।

# टीएमसी नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस बांट रही ममता बनर्जी, एनआईए की टीम पर हुआ हमला तो भड़के मोदी

**नई दिल्ली ■**

लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में जुटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। बंगाल पहुंचने से पहले उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि बंगाल के लोग तृणमूल कांग्रेस की सरकार के कुशासन से थक गए हैं। अब केवल भाजपा ही पश्चिम बंगाल के लोगों को राहत दे सकती है। वहीं, अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाया।



### नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस मिले

वहीं, अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, टीएमसी चाहती है कि उसके भ्रष्टाचारी नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस मिले। इसलिए जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती है तो टीएमसी उनपर हमले करती है, और लोगों से करवाती है। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, 'टीएमसी चाहती है कि उसके भ्रष्टाचारी नेताओं को आतंक का खुला लाइसेंस मिले। इसलिए जब केंद्र की जांच एजेंसियां आती है तो टीएमसी उनपर हमले करती है, और लोगों से करवाती है। टीएमसी कानून और संविधान को कुचलने वाली पार्टी है।'

### अबकी बार 4000 पार...जब नीतीश ने मुस्कुराते हुए छू लिए मोदी के पैर

**नवादा.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नवादा में रविवार को एक चुनावी रैली में दिया गया भाषण कई मायनों में दिलचस्प रहा. अपने 25 मिनट के संबोधन में उन्होंने कुछ बातें मजाकिया अंदाज में भी कही और आखिर में उन्हें मंच पर बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूते भी देखा गया. राजद विधायक तेजस्वी यादव ने भी इस बारे में प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्हें बहुत बुरा लगा है. प्रधानमंत्री, जो स्पष्ट रूप से नीतीश कुमार का भाषण खत्म होने का इंतजार कर रहे थे, उन्हें उनसे गुफ्तगू करते हुए सुना गया. उन्हें सुनने वाले एक नेता ने पीएम मोदी के हवाले से कहा, आपने इतना अच्छा भाषण दिया कि मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं बचा. इस पर मुख्यमंत्री मुस्कुराते हुए झुके और उनके पैर छू लिए. सीएम नीतीश कुमार का यह भाषण कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. खासकर वह हिस्सा, जहां मुख्यमंत्री को यह कहते हुए सुना जा रहा है कि आने वाले आम चुनावों में लोग अपना सारा वोट प्रधानमंत्री को देंगे, जो चार ला (खुद को जांचते हैं) 4000 सांसदों के साथ वापस आएंगे.

# पीएम नरेन्द्र मोदी का जबलपुर में रोड शो, जनता का किया अभिवादन



**जबलपुर ■**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबलपुर शहर के कटंगा चौराहे से रोड शो शुरू किया। रथ का स्वरूप में बने वाहन में वे सवार हुए। पीएम मोदी ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। उन्हें देखकर सड़क के दोनों तरफ मोदी-मोदी के नारे गूंजने लगे। प्रधानमंत्री को देखने सड़क, इमारत हर तरफ लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

मोदी ने भी लोगों को निराश नहीं किया। खुली गाड़ी से कभी हाथ हिलाया, हाथ जोड़े और कई बार सिर झुकाकर लोगों से आशीर्वाद मांगा। पूरे रोड शो में रानी दुर्गावती, आदिवासी लोकनृत्य, गोंडी, सैला और बधाई नृत्य से लेकर हिंदुत्व की झलक नजर आई। सवा किलोमीटर का रोड शो आदिशंकराचार्य चौक में करीब 45 मिनट में खत्म हुआ।

#### ऐसे आए पीएम मोदी

कटंगा चौराहे पर शाम 6.32 मिनट पर मोदी का काफिला पहुंचा। प्रधानमंत्री अपनी विशेष बुलेटप्रूफ काले रंग की कार से उतरे और शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात प्रधानमंत्री कार्यक्रम स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों से मिले। शाम 6.35 मिनट पर मोदी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और लोकसभा प्रत्याशी आशीष दुबे, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ खुले रथ पर सवार हुए।

#### भगवा कुर्ता, हाथ में कमल निशान

प्रधानमंत्री भगवा पोशाक पहनकर रोड शो में शामिल हुए। उनके दाएं हाथ में कमल निशान पूरे समय रहा। जिसे पकड़कर पीएम मोदी जनता के सामने हाथ हिलाते रहे। कई बार कमल निशान रखकर दोनों हाथ जोड़ते और कई जगह पीएम मोदी लोगों के उत्साह और अपनापन देखकर उनके आगे दोनों हाथ जोड़कर सिर झुकाकर नमन करते दिखे। लोगों ने भी पीएम मोदी के इस अंदाज को खूब पसंद किया और दोनों हाथों से पुष्प वर्षा करते रहे।

#### स्वागत मंच टूटा, नीचे गिरने से कुछ लोग घायल

पीएम मोदी के रोड शो के दौरान शहर के गोरखपुर क्षेत्र में दो स्वागत मंच टूट गए। जिसके चलते मंच पर खड़े लोग नीचे गिर पड़े। बताया जा रहा है कि इस घटना में कुछ लोगों और पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं।

## अनंतनाग सीट पर दिलचस्प मुकाबला, आमने-सामने दो पूर्व मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से आगामी लोकसभा चुनाव में ताल ठोकेंगी। पीडीपी संसदीय समिति के अध्यक्ष सरताज मदनी ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। पीडीपी यूथ विंग के अध्यक्ष वहीद पारा श्रीनगर से और पूर्व राज्यसभा सदस्य फैयाज मीर बारामूला निर्वाचन क्षेत्र से पीडीपी के उम्मीदवार होंगे। पीडीपी ने जम्मू लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने का फैसला किया है।

### गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी से मारपीट-बदतमीजी का आरोप...

# मेदिनीपुर में एनआईए टीम पर एफआईआर लोगों ने अफसरों पर किया था हमला

**कोलकाता ■**

बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर से गिरफ्तार टीएमसी नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने एनआईए अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि शुक्रवार 5 अप्रैल की देर रात एनआईए की टीम ने जांच के बहाने जबरन उनके घर में घुसने की कोशिश की। महिला ने अधिकारियों पर मारपीट, बदतमीजी और घर में तोड़फोड़ का आरोप लगाया है। एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भूपतिनगर पुलिस थाने में IPC की धारा 325, 34, 354, 354(बी), 427, 448, 509 के तहत शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।



हालांकि, एनआईए ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों का खंडन किया है। जांच एजेंसी ने रविवार (7 अप्रैल) को प्रेस रिलीज जारी करके बताया कि उन्होंने कोई गैरकानूनी कार्रवाई नहीं की। एजेंसी कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर भूपतिनगर में 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने पहुंची थी। एनआईए के मुताबिक, टीएमसी नेता बलाई चरण मैती और मनोब्रत जना केस के मुख्य साजिशकर्ता हैं। एनआईए टीम 5 अप्रैल की रात भूपतिनगर में 5 जगह तलाशी लेने गई थी। इस दौरान उपद्रवर और महिला कांस्टेबल भी शामिल थीं। भीड़ ने उन्हें कार्रवाई करने से रोकने का प्रयास किया। जब उनके अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार कर ले जाने लगे, तो लोग लाठी-डंडे लेकर उनके सामने अड़ गए।

#### ममता बोलीं- एनआईए रात में जाएंगे तो महिलाएं शांत नहीं बैठेंगी

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एनआईए की टीम पर हमले को लेकर शनिवार (6 अप्रैल) को कहा कि हमला एनआईए पर नहीं, बल्कि महिलाओं पर हुआ है। एनआईए अफसरों ने रात में रेड क्यों की? क्या उनके पास पुलिस की परमिशन थी? महिलाओं ने वैसा ही बर्ताव किया, जैसा रात में किसी भी अनजान व्यक्ति के आने पर किया जाता। दक्षिण दिनाजपुर में ममता ने कहा कि एनआईए लोकसभा इलेक्शन से ठीक पहले दिसंबर 2022 के मामले में लोगों को क्यों गिरफ्तार कर रही है? क्या भाजपा को लगता है कि वे हर बूथ एजेंट को गिरफ्तार कर लेंगे।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप नेता दिल्ली और पंजाब में सामूहिक उपवास पर रहे



**नई दिल्ली ■**

केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप नेता दिल्ली और पंजाब में सामूहिक उपवास पर रहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी कैबिनेट के सदस्य, आम आदमी पार्टी के विधायक, सांसद और कार्यकर्ता रविवार को सामूहिक उपवास कर रहे हैं।

गौरतलब है कि ईडी ने दिल्ली सीएम को कथित आबकारी नीति घोटाले से जड़े मनी लांड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया है। ईडी की इस कार्रवाई के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर और पंजाब में शहीद भगत सिंह के गांव खटखड़कलां में आप के विधायक, मंत्री, सांसद, पार्षद और पदाधिकारी उपवास कर रहे हैं। जंतर-मंतर पर दिल्ली कैबिनेट के मंत्रियों के अलावा सुबह से ही आम आदमी पार्टी के छोटे-बड़े नेताओं का जुटना जारी है।

## इस्त्राइल के प्रधानमंत्री का बयान-जीत से एक कदम दूर

**जेरुसलम।** इस्त्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इस्त्राइल गाजा युद्ध में जीत से एक कदम दूर है। उन्होंने कहा कि जब तक हमास सभी बंधकों को मुक्त नहीं कर देता, तब तक कोई संघर्ष विराम नहीं होगा।

बता दें कि हमास आतंकवादियों द्वारा इस्त्राइल पर हमले के बाद पर 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू हो गया था। इसके छह महीने पूरे होने के अवसर पर पीएम नेतन्याहू एक कैबिनेट बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम जीत से एक कदम दूर हैं लेकिन हमने जो कीमत चुकाई वह दर्दनाक है। उन्होंने कहा कि जब तक बंधकों की वापसी नहीं होगी, तब तक कोई युद्धविराम नहीं होगा।



उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस्त्राइल समझौते के लिए तैयार है, आत्मसमर्पण के लिए नहीं। नेतन्याहू के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा इस्त्राइल पर दबाव बनाया जा रहा है जबकि यह दबाव हमास के खिलाफ बनाया जाना चाहिए। इससे बंधकों की रिहाई हो सकेगी। इस्त्राइल के बेन गुरियन हवाई अड्डे के में इस्त्राइल-हमास युद्ध के बंधकों की तस्वीरें लगाई गई हैं।

## मध्य प्रदेश -बिहार समेत 14 राज्यों में हल्की बारिश हुई, 8 राज्यों में हीटवेव

**नई दिल्ली ■**


देश के 14 राज्यों में रविवार को कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई। मध्य प्रदेश में देर शाम करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, सिक्किम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कहीं-कहीं छिटपुट बारिश दर्ज की गई।

इसके अलावा इसके 8 राज्यों गुजरात, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पुडुचेरी में लू का असर रहा। इन



राज्यों का तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री तापमान आंध्र प्रदेश के नंदयाल में रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी 7 से 10 अप्रैल तक ओले-बारिश का दौर रहेगा। 30 से 60 Kmph तक की रफ्तार में आंधी चलने का अनुमान है। बिहार में आज लू नहीं चलेगी। यहां के 16 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। उधर, लद्दाख के चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 80 लोगों को सेना ने बचाया। सेना के लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने कहा कि आधी रात के ऑपरेशन को त्रिशूल डिवीजन के सैनिकों ने अंजाम दिया। लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में यह ऑपरेशन चलाया गया। मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि मौसम के अनुमान को और बेहतर बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है।

## व्यंग्यः खूब खा चुके : अब केजरीवाल के लिए भूख हड़ताल..!



ग्लोबल हेराल्ड न्यूज एनालिसिस

GHNA

दिलीप शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार)

शराब घोटाले में खूब पैसा खा चुके दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की जेल से रिहाई हेतु जंतर मंतर पर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भूख हड़ताल की. ईडी ने केजरीवाल को सरगना बताया है यानी खूब खाने और अपने मंत्रियों को भी खाने देने वाले का अंजाम यही हुआ है कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत नहीं मिल रही है. मंत्री सत्येंद्र जैन भी अंदर हैं. जैसे तैसे 6 माह जेल में रह आए संजय सिंह



जरूर खुली हवा में सांस ले रहे हैं और अपने खाने वाले साथियों की रिहाई के लिए आए दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लेते हैं और केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद भी ले लेते हैं ताकि यदि केजरीवाल के मन में लालू यादव जैसा विचार आ जाए और सुनीता को ही कुर्सी सौंप दें तो संजय सिंह को चरण स्पर्श का अच्छा लाभ मिलना सुनिश्चित है..!

### मोदी के प्रत्याशी 400 पार : कांग्रेस तलाश रही ..!

लोकसभा चुनाव 2024 में अपने ऊँचे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बीजेपी ने जहां समय से पूर्व प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं वहीं कांग्रेस की हालत यह है कि आए दिन अनेक नेताओं द्वारा बीजेपी का दामन थामने से कांग्रेस को प्रत्याशियों की तलाश करना पड़ रही है और यही कारण है कि पहले और दूसरे चरण के नामांकन बाद भी कांग्रेस 231 ही घोषित कर सकी है जबकि मोदी को



जिताने के लिए 418 प्रत्याशी मैदान में आ चुके हैं और मोदी खुद प्रचार के साथ धुआँधार बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजनीति में मैच फिनिश करने वाले धोनी समान माना है और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कहा है कि राहुल कांग्रेस के सफाये में लगे हैं. उल्लेखनीय है कि 2014 में 464 सीटों पर लड़ी कांग्रेस ने 44 जीती और 2019 में 421 में से 52 ला सकी. अब राहुल कहां पर फिनिश करते हैं पता चलेगा..? वैसे इस बार लोकसभा चुनाव में भ्रष्ट, माफिया गठजोड़ साफ नजर आ रहा है वह ऐसे कि 2004 से 2014 की अवधि में भारी भ्रष्टाचार के कारण कांग्रेस की करारी हार हुई और बीजेपी से मोदी प्रधानमंत्री बने. जिस कांग्रेस की प्रमुख सोनिया गांधी को जेल भेजने की मांग पर ' आप ' के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल अड़े थे वही कांग्रेस शराब घोटाले के आरोपी केजरीवाल का समर्थन कर रही है और ' आप ' के अधिकांश नेता जो खूब खा चुके हैं उन्होंने केजरीवाल की रिहाई के लिए भूख हड़ताल कर दी.इधर कांग्रेस और सपा के गठबंधन में भी माफिया प्रेम साफ नजर आ रहा है क्योंकि कुख्यात अपराधी मुख़्तार अंसारी की जेल में मौत पर प्रलाप करने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके घर पहुंच गए, क्योंकि उसी परिवार में अफजाल अंसारी को गाजीपुर से प्रत्याशी बनाया है..! अब जनता ही सोच ले कि मोदी बेहतर हैं या भ्रष्ट, माफिया गठजोड़ वाले नेता..?

## यश ठाकुर ने 5 विकेट चटकाकर मचाई सनसनी, लखनऊ ने दर्ज की हैट्रिक जीत

**नई दिल्ली ■**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 21वें मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रनों से हराकर लगातार तीसरी जीत हासिल की। इस मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 163 रन बनाए। 164 रन के लक्ष्य के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम सिर्फ 130 रन बना सकी। इस मुकाबले में सुपरजायंट्स की ओर से क्रुणाल पंड्या और यश ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी की। यश ठाकुर ने 5 विकेट चटकाए तो क्रुणाल पंड्या को 3 विकेट मिले।



#### मार्कस स्टोइनिस ने जड़ा शानदार अर्धशतक

लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। क्विंटन डिकॉक ने राहुल के साथ मिलकर पारी की शुरूआत की लेकिन वह 6 रन बनाकर उमेश यादव का शिकार हो गए। इसके बाद देवदत्त पडिकल को भी उमेश यादव ने 7 रन पर चलता किया। राहुल ने मार्कस स्टोइनिस के साथ मिलकर टीम को 90 के पार पहुंचाया लेकिन 91 के स्कोर पर वह खुद आउट हो गए। इसके बाद निकोलस पूरन के साथ मिलकर स्टोइनिस ने अपना अर्धशतक पूरा किया। वह 43 गेंदों में 58 रन बनाकर आउट हुए। आखिरी ओवरों में निकोलस पूरन और आयूष बदोनी ने ताबड़तोड़ रन बनाए और टीम को 163 तक पहुंचा दिया।

न्यूज ब्रीफ

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महू विकासखंड के शासकीय आयुर्वेद औषधालय गवली पलासिया, धारनाका, बडगोंदा, दतोदा, चोरल ने शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के साथ मानपुर ब्लॉक के ग्रामों यशवंत नगर, खेड़ी सिहोद में चिकित्सा परामर्श एवं औषधी वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. नेहा भाना, डॉ. सोनम तिवारी, डॉ. प्रिया वर्मा, डॉ. सीमा आर्य, डॉ. रागिनी शिवहरे, लता गलांडे, चंद्रशेखर बंसल, नितिन बोरासी, संदीप सांगले, अंजली गौतम ने सेवाएं प्रदान की। रक्ताल्पता के लिए इंदौर विकासखंड में शासकीय आयुर्वेद औषधालय टिगरिया बादशाह ने नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन इंदौर शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ मूक बधिर स्कूल स्कीम नंबर 71 के बच्चों में असंचारी रोग रक्ताल्पता के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श औषधी वितरण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. राकेश गुप्ता, रचना निगम, रितु रामपुरी, पवित्रा धारविया ने सेवाएं प्रदान की।



## बगैर अनुमति के हुआ था प्रेस्टीज कॉलेज का मंथन आयोजन

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** प्रेस्टीज कॉलेज के मंथन इवेंट का एक और नया मामला सामने आया है, जिसके बाद यह कहना गलत नहीं होगा कि कॉलेज प्रबंधक किस तरह से जिला प्रशासन के आदेशों को हवा में उड़ा कर इवेंट करवा रहा था। कॉलेज ने जिला प्रशासन से बिना अनुमति लिए इवेंट करवाया था, जिसके चलते खजराना पुलिस ने कॉलेज के रजिस्टार शेलीन सेन गुप्ता और चीफ कॉर्डिनेटर नेहा साहू को फटकार लगाते हुए उनपर 188 की कार्रवाई की है। टीआई सुजीत श्रीवास्तव ने बताया प्रेस्टीज कॉलेज प्रबंधक ने बिना अनुमति के लाभगंगा गार्डन में मंथन इवेंट करवाया था। जबकि आचार संहिता के चलते जिला प्रशासन से अनुमति लेना आवश्यक है। विवाद की सूचना के बाद जब उनको थाने बुला कर अनुमति पत्र दिखाने का कहा तो वह नहीं दिखा पाए, जिसके बाद उनको फटकार लगाते हुए 188 का प्रकरण दर्ज किया है। प्रबंधक ने इवेंट से पहले थाने में सिर्फ एक आवेदन देकर सील साइन करवाई थी। जबकि आचार संहिता में होने वाले आयोजनों की अनुमति देना एसडीएम के हाथ में होती है। सूत्रों से यह भी जानकारी सामने आ रही है कि विवाद की सूचना के बाद कॉलेज प्रबंधक डर गया और अपनी गलती छुपाने के चक्कर में एसडीएम से बैक डेट के आवेदन में अनुमति लेने की फिराक में था, लेकिन अनुमति नहीं मिल पाई।

## स्वीप अभियान का शुभंकर केला बुरहानपुर जिले में बना आकर्षण का केन्द्र

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर इंदौर संभाग में मतदान के प्रतिशत में वृद्धि के लिए स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता हेतु विशेष प्रयास चल रहे है। इसी के तहत संभाग के जिलों में अनेक नवाचार भी किये जा रहे है। संभाग के बुरहानपुर जिले में इस अभियान के शुभंकर के रूप में केला चयनित किया गया है। शुभंकर केला जिले में आकर्षण का केन्द्र बन गया है। उल्लेखनीय है कि बुरहानपुर जिले की मुख्य फसल केला है। इसको देखते हुये इसे स्वीप गतिविधियों के लिए शुभंकर के रूप में चयनित किया गया हैं। यह शुभंकर कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर मतदाताओं से मतदान की अपील कर रहा है। केला स्वरूप में बनी आकृति मेरा वोट मेरा अधिकारकार्यालय में आने झजाने वाले मतदाताओं को अपना मतदान करने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं, वही स्वीप गतिविधियों के तहत फ्लेक्स , बैनर , बैच में इस आकृति को उकेर कर लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता करने के लिए नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में केले की खेती का क्षेत्रफल 23 हजार 650 हेक्टेयर है। जिले में 16 लाख मीट्रिक टन केला का उत्पादन होता है। जिले में 18 हजार 325 किसान केले की खेती से जुड़े है। केले की बिक्री से 1700 करोड़ रुपए का कारोबार होता है।



## इंदौर में कार रोककर सीमेंट व्यवसायी को पीटा, मोबाइल तोड़कर चेन लूटी

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** नशे में कार सवारों ने सीमेंट व्यवसायी के साथ मारपीट कर दी। उनका फोन और कार में तोड़फोड़ की तथा चेन भी लूट ली। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना के वक्त पुलिस जगह-जगह बैरिकेड्स लगाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर रही थी। खजराना थाना पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार रात करीब 12:30 बजे बंगाली चौराहा के समीप की है। तिलक नगर (फेस-टू) निवासी सनप्रीत सिंह बग्गा का सीमेंट का व्यवसाय है। बग्गा रात को लसूड़िया क्षेत्र से दोस्त मनु संधू के साथ घर की तरफ जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार कार ने बग्गा की कार को ओवरटेक किया। ऐसा दो बार करने पर बग्गा के दोस्त ने आपत्ति ली। इस पर आरोपित नशे में विवाद करने लगे। कालर पकड़ ली और मारपीट शुरू कर दी। आरोपितों ने मोबाइल तोड़ दिया और कार में भी तोड़फोड़ की। एक आरोपित ने बग्गा की सोने की चेन छीन ली। पुलिस के मुताबिक, आरोपित कान्हा को नामजद कर लिया है।

# एमआर-10 पर बना टोल प्लाजा होगा बंद, ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

शहरी सीमा में संचालित हो रहे एमआर-10 स्थित टोल से आमजन को राहत मिलने वाली है। आठ दिन बाद टोल के संचालन के लिए दी गई 86 दिन की अतिरिक्त अवधि समाप्त हो रही है। इसके बाद टोल वसूलने वाली कंपनी को अपने संसाधन यहां से हटाने होंगे। टोल टैक्स बंद होने से वाहनों का आवागमन भी सुगम होगा।

एमआर-10 पर 17 साल पहले बने टोल टैक्स की वसूली अब बंद होने वाली है। इंदौर विकास प्राधिकण द्वारा कंपनी को दी गई 86 दिन की अतिरिक्त वसूली की समयावधि 14 अप्रैल को समाप्त हो रही है। इसके बाद टोल टैक्स से वसूली बंद करना होगी। वैसे भी शहरी सीमा में आने से भारी वाहनों से ही वसूली वर्तमान में की जा रही थी। कार और स्थानीय वाहनों को टोल से छूट दी गई थी।




### 86 दिन का अतिरिक्त समय दिया था

गौरतलब है कि एमआर-10 स्थित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के लिए टोल टैक्स की स्थापना 2007 में हुई थी। 2008 से टोल टैक्स से वसूली शुरू हुई और 6101 दिन टोल की वसूली होना थी। यह अवधि 19 जनवरी को समाप्त हो रही थी, लेकिन कंपनी ने कोविड और नोटबंदी के दौरान बंद रही टोल वसूली के लिए 200 दिन अतिरिक्त वसूली की अनुमति मांगी थी। प्राधिकरण ने 86 दिन का अतिरिक्त समय दिया था।

### छहलेन बन सकता है ब्रिज

चंद्रगुप्त मोर्य प्रतिमा चौराहा से देपालपुर रोड तक इंदौर विकास प्राधिकरण ने दस लेन सड़क बनाई है। सुपर कॉरिडोर पर दूसरा ब्रिज आठ लेन का बना है,लेकिन 17 साल पहले फोरलेन ब्रिज बना था,क्योकि जब इंदौर विकास प्राधिकरण की आर्थिक हालत ठीक नहीं रहती थी। टोल नाका समाप्त होने के बाद अब ब्रिज को छह लेन बनाया जा सकता है।

### टोल के पास जाम से मिलेगी मुक्ति

उज्जैन रोड और सुपर कॉरिडोर पर विकसित हो चुकी सैकड़ों कालोनियों में लाखों लोग इसी रास्ते से आना जाना करते है। टोल के पास आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। टोल वसूली के लिए रोके जाने वाले वाहनों की वजह से लंबा जाम लगता है। अब टोल बंद होने से वाहन बिना किसी बाधा के आना जाना कर सकेंगे।टोल नाके के पास से करीब दो दर्जन कालोनियों का रास्ता जाता है। टोल बंद होने से इनकी राह भी आसान होगी। टोल की वजह से इन कालोनियों में जाने वाले वाहनों की परेशानी होती है।

## मतदाता जागरूकता के तहत चुनावी काका और चुनावी काकी को मिल रही है राज्य स्तर पर सराहना

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर इंदौर संभाग में मतदान के प्रतिशत में वृद्धि के लिए स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता हेतु विशेष प्रयास चल रहे है। इसी के तहत संभाग के जिलों में अनेक नवाचार भी किये जा रहे है।

संभागायुक्त दीपक सिंह द्वारा स्वीप अभियान की गतिविधियों का संबंधित जिलों में पहुंचकर जायजा लेकर मतदाता जागरूकता गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी सिलसिले में वे संभाग के झाबुआ में पहुंचकर उन्होंने एक नवाचार के तहत चुनावी काका और चुनावी काकी मतदाता जागरूकता अभियान के चित्रों की प्रदर्शनी का अनावरण किया और उसका अवलोकन किया। इस अवसर पर आई.जी. अनुराग तथा पुलिस अधीक्षक झाबुआ पद्म विलोचन शुक्ल सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए झाबुआ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा मीना द्वारा लांच किए गए शुभंकर चुनावी काका और चुनावी काकी को झाबुआ जिले के आदिवासी अंचल के गाँव-गाँव सहित पूरे प्रदेश में सराहना मिल रही है। इन शुभंकरों की वेशभूषा जो जिले के आदिवासी समाज में प्रचलित पारम्परिक वस्त्रों और श्रृंगार से प्रेरित हैं। यह राष्ट्रीय स्तर तक संस्कृति के प्रसार को इंगित करता है।




## इंदौर प्रीमियर को-आपरेटिव के कर्मचारियों, अधिकारियों को मिलता रहेगा बढ़ा हुआ वेतन

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर प्रीमियर को-आपरेटिव बैंक के कर्मचारियों व अधिकारियों को बढ़ा हुआ वेतन मिलता रहेगा। मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने पंजीयक सहकारिता विभाग के आदेश को निरस्त कर दिया है।

कर्मचारी और अधिकारी एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील सातवकर ने बताया कि बैंक द्वारा लाभ के आधार पर कर्मचारियों के वेतन में पेट्रोल खर्च 100 रुपये से बढ़ाकर 25 लीटर पेट्रोल के मूल्य बराबर तथा चिकित्सा व्यय 200 से बढ़ाकर दो हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने का प्रस्ताव 30 अप्रैल 2022 को प्रस्तुत किया गया था। इसे संयुक्त पंजीयक द्वारा 24 नवंबर 2022 को अनुमोदित कर दिया गया था। इसी प्रस्ताव के हिसाब से कर्मचारियों-अधिकारियों को भुगतान किया जा रहा था। जून 2023 में संयुक्त पंजीयक आयुक्त कार्यालय भोपाल ने संयुक्त पंजीयक के 24 नवंबर 2022 को अनुमोदित आदेश को निरस्त करते हुए बढ़े हुए वेतन का भुगतान रोक दिया।

### आदेश को कोर्ट में दी चुनौती

इसे चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका प्रस्तुत की गई। इसमें कहा कि सहकारिता अधिनियम की धारा 2.12 के अनुसार संयुक्त पंजीयक की शक्ति पंजीयक के समान ही होती है। राज्य शासन ने क्षेत्रानुसार 23 अक्टूबर 2010 को 10 क्षेत्रों में संयुक्त पंजीयक अधिसूचित किए हैं। इसमें इंदौर क्षेत्र भी शामिल है। धारा 3(2) के अनुसार संयुक्त पंजीयक को पंजीयक की शक्ति प्राप्त है तथा उनके द्वारा पारित आदेश को पंजीयक का आदेश ही माना जाएगा, लेकिन संयुक्त पंजीयक आयुक्त कार्यालय ने संयुक्त पंजीयक इंदौर के आदेश को निरस्त कर दिया।

## सड़क पर उतरे पुलिस अधिकारी, एक ही रात में 506 अपराधियों को पकड़ा

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

इंदौर पुलिस ने शनिवार देर रात कॉम्बिंग गश्त कर 866 बदमाशों को चेक किया। इसमें से 506 पर कार्रवाई की गई। इनमें गुंडे, बदमाश एवं अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त रहने वाले असामाजिक तत्व शामिल थे। इसके साथ शनिवार को 513 से ज्यादा वारंटों को तामील कराया गया जिसमें लंबे समय से फरार समंस भी तामील किए गए। इनमें 01-फरारी, 143-स्थाई, 149-गिरफ्तारी और 220 जमानती वारंट शामिल थे।

पुलिस कमिश्नर इंदौर राकेश गुप्ता के निर्देश पर शहर के चारों जोन के डीसीपी के नेतृत्व में देर रात से सुबह तक इंदौर के सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गश्त की गई। इस दौरान टीम में हर जगह संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व थाना प्रभारी भी शामिल रहे। अवैध शराब के 06 प्रकरण तथा अवैध हथियार के साथ घूमते हुए मिलने पर 07 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। अवैध मादक पदार्थों का सेवन करने वाले 01 प्रकरण एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के 03 प्रकरण पंजीबद्ध कर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 53 लोगों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की गई। इंदौर के अपराधिक प्रवृत्ति के गुंडे/बदमाशों, नकबजनों एवं निगरानीशुदा बदमाशों सहित कई चाकूबाजों, ड्रग पैडलर और जिलाबदर बदमाशों सहित करीब 140 से ज्यादा गुंडे/बदमाशों को भी चेक किया गया। थाना भंवरकुआं द्वारा हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार तीन हजार के इनामी बदमाश को भी गिरफ्त में लिया गया। पुलिस ने अपराधियों को पकड़कर डोजियर भरवाकर अपराध नहीं करने की हिदायत दी।



## पेड न्यूज के संबंध में मीडिया कार्यशाला का आयोजन 9 अप्रैल को

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार, 9 अप्रैल 2024 को शाम 5 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक 102 में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में निर्वाचन अवधि में एमसीएमसी के तहत पेड न्यूज, राजनैतिक विज्ञापनों के प्री-प्रमाणन, प्रिंटिंग प्रेसों द्वारा बरतने वाली सावधानियों सहित भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न दिशा-निर्देशों एवं नियमों से अवगत कराया जायेगा। इस कार्यशाला में सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया/न्यूज चैनल्स/केबल ऑपरेटर्स/समाचार पत्र/एफएम रेडियों के संचालक/प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इनसे आग्रह किया गया है कि वे निर्वाचन से जुड़ी इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में अवश्य शामिल होंवे।

## डीएवीवी : सेमेस्टर परीक्षाओं के रिव्यू रिजल्ट की व्यवस्था बिगड़ी, परीक्षाएं हो रही प्रभावित

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाओं के रिव्यू रिजल्ट की व्यवस्था बिगड़ गई है। छात्र-छात्राओं को महीनों तक अपने परीक्षा परिणाम को लेकर इंतजार करना पड़ता है। कई बार परेशान विद्यार्थी विश्वविद्यालय में अधिकारियों के चक्कर लगाते रहते है। मगर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है।

वैसे बीते 48 घंटे में विभिन्न पाठ्यक्रम के रिव्यू व मुख्य परिणाम आए है, जिसमें 3 बीकॉम एलएलबी, 3 बीबीए और एक-एक एलएलएम-एमए के रिजल्ट शामिल है। वैसे कुछ छात्र-छात्राओं के रिजल्ट रुके हैं। पूछने पर अधिकारियों ने बताया कि इनके आंतरिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय को नहीं मिले है। हालांकि रिजल्ट में देरी से परीक्षाएं प्रभावित होने लगी है। बीकॉम एलएलबी के विभिन्न सेमेस्टर की परीक्षाएं जुलाई-अगस्त 2023 में विश्वविद्यालय ने करवाई थी। अक्टूबर में रिजल्ट आने के बाद कुछ विषय में फेल विद्यार्थियों ने रिव्यू को लेकर आवेदन दिया था। इनकी कॉपियां दोबारा जांचने में विश्वविद्यालय को चार से पांच महीने लग गए।



### 70 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण

5 अप्रैल को बीकॉम एलएलबी तीसरे, छठे और आठवें सेमेस्टर का रिव्यू रिजल्ट निकाला है। इसके अलावा एलएलएम तीसरे और चौथे सेमेस्टर का मुख्य परिणाम है, जिसमें 70 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए है। साथ ही एमए मिलिट्री साइंस पहले सेमेस्टर के नियमित व प्राइवेट छात्र-छात्राओं का रिजल्ट निकाला है। जबकि बीबीए पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया है। बीबीए पाठ्यक्रम में दो हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी।

**समय पर नहीं मिलती कॉपियां-** परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि रिव्यू के लिए विद्यार्थियों की कॉपियां अन्य विषय विशेषज्ञों के पास जांचने के लिए भेजी जाती है, जो समय पर नहीं मिल रही है। इसकी वजह से रिजल्ट में समय लग रहा है। वे बताते है कि अब मूल्यांकनकताओं को दस दिन में कापियां जांचकर देने की डेडलाइन रखी है।

## पंचतत्व में विलीन हुई गीता रामेश्वर पटेल, संगठनों ने दी श्रद्धांजलि

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्वर्गीय श्री रामेश्वर पटेल की धर्मपत्नी समाजसेविका श्रीमती गीता देवी रामेश्वर पटेल का हरद्यघात से निधन हो गया।आप राधेश्याम पटेल (पूर्व जिला अध्यक्ष जिला संघ) एवम सत्यनारायण पटेल (पूर्व विधायक व राष्ट्रीय सचिव, अ.भा. कांग्रेस कमेटी) की माताजी थी। श्रीमती गीता देवी पटेल की शवयात्रा निवास स्थान नंदी परिसर बिचौली मदार्ना से साईधाम मंदिर परिसर में हुआ। मुखांगनी राधेश्याम पटेल, सत्यनारायण पटेल ने दी । शोक सभा में बताया गया की श्रीमती गीतादेवी पटेल धार्मिक,सामाजिक सेवाभावी मातृशक्ति थी। आप सदेव समाजसेवा में अग्रणी रही और स्वर्गीय रामेश्वर पटेल के साथ साथ अपने परिवार को भी समाज सेवा में योगदान के लिए प्रेरित करती रही। श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न राजनीतिक संगठनों ,समाजसेवियों व समाज गणमान्य नागरिकों ने श्रीमती गीता देवी पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उठावना दिनांक 10 अप्रैल 2024 को शाम 5से6 बजे तक विद्यासागर स्कूल परिसर में चलित रहेगा। शोक बैठक प्रतिदिन शाम4 से 6 बजे तक निवास स्थान नंदी परिसर ,बिचौली मदार्ना में रहेगी।



## दोष देने के स्थान पर स्वीकारोक्ति के भाव से जिएँ...

फिर भी जिंदगी हसीन है...
dreamsachieverspune@gmail.com

दोस्तों, कई बार बच्चे मजाक-मजाक में ही हैरान करने वाली इतनी गंभीर बातें बोल जाते हैं कि विश्वास ही नहीं होता है। ऐसा ही एक वाक़या हाल ही मेरे साथ हुआ जब मैं अपने एक परिचित से मिलने के लिये उनके घर गया। शुरुआती बातचीत के बाद जब मैं उनके बड़े बेटे से बातें कर रहा था तो वो मुझसे बोला, 'अंकल, कई बार लगता है पिताजी सही में मुझे बाज़ार से तो लेकर नहीं आए हैं?' प्रश्न सुनते ही मेरे चेहरे पर हंसी आ गई, मैंने जवाब देने के स्थान पर बच्चे से प्रश्न करते हुए पूछा, 'आपको ऐसा क्यों लगता है?' तो वह पूर्ण गंभीर लहजे में बोला, 'अंकल, पापा मुझसे सौतेला व्यवहार करते हैं।'



निर्मल भटनागर (एजुकेशनल कंसलटेंट एवं मोटिवेशनल स्पीकर)
ग्लोबल हेराल्ड

एक बच्चे के मुँह से इतने गंभीर और बड़े-बड़े शब्द सुन मैं हैरान था। मैं कुछ कहता उसके पहले ही बच्चा अपनी बात आगे बढ़ाते हुए बोला, 'असल में अंकल, पापा को तो अपनी बेटी प्यारी है। वे हमेशा उसका पक्ष लेते हैं। उदाहरण के लिए अगर वह कोई गलती करेगी तो वो बोलेंगे, 'छोड़ना, छोटी बच्ची है।' और अगर वही गलती मैं करूँगा तो एक घंटे तक डाँटते ही रहेंगे।' उस बच्चे की बातों को सुन मुझे हंसी आ रही थी। मैं मन ही मन सोच रहा था कि बचपन की अपनी शैतानी; बचपन की अपनी अलग ही परेशानी होती है। जैसे इस बच्चे को ही ले लें, बिना किसी परेशानी के भी परेशान था क्योंकि ना तो वो समझ पा रहा था और ना ही उसे समझाना संभव था कि पिता के लिए दोनों बच्चे समान हैं। वे दोनों से ही समान रूप से प्यार करते हैं; वे दोनों का ही भला चाहते हैं। ख़ैर! उस वक़्त तो मैंने किसी तरह उस बच्चे को समझा-बुझा कर शांत किया और थोड़ी देर में अपनी मुलाक़ात पूर्ण कर घर लौट आया। लेकिन बाद में, मैं सोच रहा था कि ऐसा ही व्यवहार तो हम अपनी क़िस्मत; अपने भाग्य को दोष देते हुए ईश्वर के सामने करते हैं। अर्थात् अपनी तुलना किसी और से करते हुए, जो नहीं मिला उसके लिए कभी ख़ुद को तो कभी अपनी क़िस्मत को, तो कभी ईश्वर को दोष देते हैं और जो बात बच्चों को समझाते हैं वही ख़ुद नहीं समझते हैं। अरे भाई जिस तरह हमने उपरोक्त उदाहरण में बच्चे को समझाया था कि पिता के लिए दोनों बच्चे समान होते हैं और वे हर हाल में उनका भला चाहते हैं। ठीक उसी तरह अब हमें ख़ुद को याद दिलाना होगा कि प्रभु याने ईश्वर भी सभी जीवों का मंगल चाहते हैं क्योंकि उन सब की उत्पत्ति उन्हीं से हुई है। बस हमें कई बार उनके व्यवहार में अंतर सिर्फ़ इस वजह से लगता या नज़र आता है क्योंकि वे हमें ठीक करने के लिए वैद्य या डॉ वाला रास्ता अपना रहे होते हैं। अर्थात् जिस तरह डॉ या वैध किसी बीमार को मीठी तो किसी को अति कड़वी दवा से ठीक करता है। लेकिन दोनों से भिन्न व्यवहार करने के पीछे भी उसका उद्देश्य एक ही होता है, रोगी को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान कराना। ठीक इसी तरह ईश्वर के अलग-अलग लौकिक व्यवहार का उद्देश्य भी हर तरह से अपने बच्चों याने तमाम जीवों का कल्याण करना होता है। जी हाँ दोस्तों, अगर आप किसी भी धार्मिक ग्रंथ को पढ़कर देखेंगे या पौराणिक कथाओं पर गौर करेंगे तो आप पाएँगे कि ईश्वर ने अपनी बड़ी विलक्षण व्यवस्थाओं से हमें तारा है। उदाहरण के लिए अगर आप सुदामा जी को देखेंगे तो पायेंगे कि उन्होंने उन्हें अकिंचन बनाकर तारा है। इसी तरह उन्होंने शुक्र देव को परम ज्ञानी बनाकर, तो विदुर जी को प्रेमी बनाकर तारा है। अगर आप रामायण पर गौर करेंगे तो पायेंगे कि रावण और बाली भगवान राम के हाथों से मरकर मोक्ष को प्राप्त हुए तो सुग्रीव दोस्त बनकर। इसी तरह भगवान कृष्ण ने पाण्डवों को मित्र बनकर तारा और कौरवों को शत्रु बनाकर। लेकिन दोस्तों तरीक़ा कोई सा भी क्यों ना रहा हो, भगवान ने जो भी किया है उसका उद्देश्य अपने भक्तों या बच्चों को तारना ही रहा है। इस आधार पर याद रखियेगा दोस्तों ईश्वर के तारने के तरीक़े में अन्तर हो सकता है लेकिन उनके भाव में नहीं। इसलिए साथियों स्थिति-परिस्थिति या हालत कैसे भी क्यों ना हों कभी ईश्वर को दोष देते हुए मत जीना।

## सहजयोग इंद्रियों की सरलचित्त व निश्छल धारणा है

इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड

योग सारे संप्रदायों और मत - मतमतांतरों के पक्षपात और वाद-विवाद से रहित सार्वभौम धर्म है जो तत्वज्ञान को स्वयं अनुभव द्वारा प्राप्त करना सिखाता है और मनुष्य को उसके अंतिम ध्येय तक पहुंचाता है। योग के संबंध में कहा जा सकता है कि योग स्थूलता से सूक्ष्मता की ओर जाना अर्थात बाह्य से अंतर्मुख होना है। ध्यान द्वारा ही विचार शून्य वर्तमान को अनुभव किया जा सकता हैं। जिससे मानव की आध्यात्मिक प्रगति हो सकती है।

श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग ध्यान वर्तमान में मानव जाति के लिए एक वरदान है। सहजयोग में श्री माताजी ने संपूर्ण विश्व को भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति सूक्ष्म शरीर, चक्र, नाड़ियों तथा कुंडलिनी शक्ति का व्यापक स्तर पर ज्ञान प्रदान किया। कलियुग भ्रांति अर्थात भ्रम का युग है। श्री माताजी ने मानव के सभी भ्रमों का सहज समाधान प्रस्तुत कर मानव मात्र को उत्क्रांति के उस स्तर तक पहुंचा दिया जहां पहुंचने के लिए वर्षों के कठिन तप व साधना से गुजरना पड़ता था। श्री माताजी की कृपा से कुंडलिनी शक्ति के जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति होती है। नियमित ध्यान धारणा द्वारा जब पांचों तत्वों का जय हो जाता है तब फिर योगी के लिए ना रोग है ना जरा है ना दुख है क्योंकि उसने वह स्थिति पा ली है जो योग से प्रकट हुई है। योग का पहला फल यही होता है शरीर हल्का हो जाता है, आरोग्य रहता है, विषयों की लालसा मिट जाती है, कांति बढ़ जाती है, स्वयं मधुर हो जाता है, गंध शुद्ध हो जाता है तथा उत्सर्जन के कार्यों में क्षीणता आती है। इसके पश्चात आत्मा के शुद्ध स्वरूप का साक्षात होता है जिस प्रकार से एक रत्न जो कि मिट्टी में लिपटा हुआ है उसे जब धोया जाता है तो वह तेजोमय होकर चमकने लगता है इसी प्रकार व्यक्ति आत्मतत्व से साक्षात करके सब शोक को पार करता हुआ परम से एकाकार हो जाता है। उसकी कृपा में कृतार्थ हो जाता है। आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करके व्यक्ति दीपक के सामान आत्मतत्व से सूर्य के समान चमकते परमात्मतत्व को देखता है जो अजन्मा व अटल और सब तत्वों से विशुद्ध है तब शुद्ध परमात्मा के तत्व को जानकर वह समस्त माया से छूट जाता है। पांच ज्ञानेंद्रियां मन के साथ स्थिर हो जाती हैं और बुद्धि चेष्टा रहित हो जाती है इसी को परम गति कहते हैं। इसी को योग मानते हैं जो इंद्रियों की निश्छल धारणा है।



## इंदौर-पटना एक्सप्रेस में सीट को लेकर पिटाई

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** इंदौर से पटना के लिए चलने वाली ट्रेन में सीट को लेकर अक्सर विवाद सामने आते है कल फिर एक वीडियो सामने आया है जिसमें महिला और एक पुरुष ऊपर की बर्थ पर बैठे युवक को पिट रहे है। ट्रेनों में जनरल डब्बे नहीं बढ़ाने से विवाद बढ़ते जा रहे है रेलवे का ध्यान नहीं है। इंदौर पटना में सीट और बैठक को लेकर आए दिन विवाद होते है कल फिर सीट को लेकर विवाद हो गया। एक यात्री के मुताबिक एक परिवार इंदौर से पटना के बिच यात्रा कर रहे थे तभी ऊपर की बर्थ पर बैठे युवक का पैर निचे की बर्थ पर बैठे यात्रियों को लगने से विवाद हो गया।

**न्यूज ब्रीफ**

### मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हो रहें है इंदौर संभाग में नवाचार




**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मे प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चत करने के लिए इंदौर संभाग बड़वानी जिले मे विभिन्न स्वीप गतिविधियों आयोजित की जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक कर मतदान प्रतिशत को अधिक से अधिक बढ़ाना है। बड़वानी जिले के राजघाट से माँ नर्मदा के तट पर नाव रैली आयोजित की गई। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मतदान से संबधित नारे एवं तख्तियाँ लेकर माँ नर्मदा के किनारे बसे ग्रामों मे लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। बडवानी जिले के पाटी तहसील के ग्राम पिपरकुंड ने भगौरिया हाट बाजार में ग्रामीणों ने ढोल-मांदल की थाप पर विशेष वेशभूषा एवं नृत्य के माध्यम से हाथों में मत्तक मतदान सदेश संबंधित तख्तियों के द्वारा ग्रामीणजनों को मताधिकार के उपयोग करने का संदेश दिया। ग्राम पारी के भगोरिया हाट बाजार में कठपुतलियों के माध्यम से नाटक एवं लोक गीतों के द्वारा ग्रामीणों से मतदान करने का संदेश दिया गया। आपका वोट आपकी ताकत दोनो मिलकर बने देश की ताकत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

### शिकायत के बाद उपभोक्ता आयोग एक की सदस्य को भेजा उज्जैन, अध्यक्ष ने आयोग को लिखा पत्र कहा काम करना मुश्किल

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने जिला प्रतितोषण आयोग क्रमांक 1 के अध्यक्ष द्वारा लिखे गए पत्र के आधार पर सदस्य को आचार संहिता के दौरान स्थानांतरित करने के बजाय उज्जैन में संलग्नीकरण कर भेजा है। रजिस्ट्रार मध्य प्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग- भोपाल ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग इंदौर-1 की सदस्य साधना शर्मा के विरूद्ध उनके आचारण एवं कार्य व्यवहार को लेकर लगातार मिलने वाली शिकायतो के बाद उन्हें हटा दिया है। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग इंदौर-1 के अध्यक्ष ने राज्य आयोग को पत्र के माध्यम से सूचना दी थी कि सदस्य शर्मा के जिला आयोग इंदौर 1 के सदस्य रहते हुए न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्य किया जाना संभव नहीं है। उन्हें जिला उपभोक्ता आयोग इंदौर-1 में रखना न्यायिक एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है। लोकसभा निर्वाचन की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने से उनका स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से सदस्य जिला उपभोक्ता आयोग इंदौर-1 साधना शर्मा, का संलग्नीकरण जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग उज्जैन में कर दिया है।

### 10 फीसद से ज्यादा फीस बढ़ाने का आरोप, शिकायत के बाद इंदौर के दो स्कूलों को नोटिस

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** इंदौर। सीबीएसई स्कूलों में प्रवेश के साथ मनमानी भी शुरू हो गई है। पालक जहां तय दुकानों से पुस्तकें लेने को मजबूर हैं, तो अब स्कूलों की बेहिसाब फीस से भी परेशान हो गए हैं। हाल ही में पालकों ने दो नामी स्कूलों की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से की है। इसमें स्कूल द्वारा 10 फीसद से अधिक फीस बढ़ाने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के बाद डीईओ ने डीपीसी और गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब मांगा है। जिला शिक्षा अधिकारी मंगलेश व्यास ने बताया कि पिछले सप्ताह कुछ पालकों ने कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें डीपीसी और गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल द्वारा 10 फीसद से अधिक फीस बढ़ाने का आरोप लगाया है। हमने दोनों स्कूलों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। अगर स्कूलों द्वारा तय नियम से बाहर जाकर अधिक फीस बढ़ाई गई है, तो कार्रवाई की जाएगी। व्यास ने बताया कि निजी स्कूलों को नए शिक्षा सत्र में अधिकतम दस फीसद फीस बढ़ाने की अनुमति है। इस दशा में भी स्कूलों को फीस का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना होगा। इस मामले में डीपीसी स्कूल की प्राचार्य आशा नायर से बात करने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं हो पाई। गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल से संपर्क करना चाहा, लेकिन उनसे भी बात नहीं हो पाई।

### गाड़ी टकराने पर नाबालिग को पीटा, वीडियो देख पुलिस ने कैफे संचालक को पकड़ा

**इंदौर (ग्लोबल हेराल्ड)।** इंटरनेट मीडिया पर नाबालिग की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो देख पुलिसकर्मियों ने फरियादी और आरोपित को ढूंढा, लेकिन पीड़ित पक्ष शिकायत से मुकर गया। पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आरोपित को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भिजवा दिया। घटनाक्रम रावजी बाजार थाना क्षेत्र के शंकरबाग का है। टीआइ अमोदसिंह राठौर के मुताबिक, रंगपंचमी पर गाड़ी टकराने पर विवाद हुआ था। एक युवक ने स्कूटर से जा रहे नाबालिग को बाल पकड़कर बेरहमी से पीट दिया। रविवार को वीडियो सामने आया जिसमें नाबालिग युवक के सामने गिड़गिड़ा रहा है। पुलिस ने वीडियो देख अमन सिलावट नामक युवक को पकड़ लिया। कैफे संचालक अमन ने गाड़ी टकराने के विवाद में पिटाई करना स्वीकार लिया। पीड़ित नाबालिग को काटजू कालोनी से बुलाया लेकिन उसने एफआइआर से इन्कार कर दिया। पुलिस ने अमन के विरुद्ध धारा 151 के तहत कार्रवाई की और जेल भेज दिया।

# पंद्रह दिन में तैयार होगी पलासिया से नौलखा के बीच बनने वाले एलिवेटेड ब्रिज की डिजाइन

### अप्रैल के अंतिम सप्ताह से शुरू होगा काम, अभी ब्रिज के लिए चल रहा मिट्टी परीक्षण, रिपोर्ट आएगी मई में

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

इंदौर। एलआइजी से नौलखा के बीच बनने वाले एलिवेटेड ब्रिज की डिजाइन तैयार हो रही है। यह काम लोक निर्माण विभाग इन दिनों एजेंसी से करवाने में लगा है। डिजाइन का काम अगले पंद्रह दिनों में पूरा किया जाएगा। उसके बाद ब्रिज के पहले चरण का काम अप्रैल के अंतिम सप्ताह में शुरू होगा। यह एलआइजी से इंडस्ट्री हाउस के बीच होगा। वैसे इन दिनों ब्रिज के दूसरे हिस्से के लिए मिट्टी परीक्षण भी चल रहा है। फिलहाल इसकी रिपोर्ट मई में आने की उम्मीद है।

बीआरटीएस पर यातायात को बेहतर बनाने के लिए एलआइजी से नौलखा के बीच 6.70 किमी लंबा एलिवेटेड ब्रिज बनाया जाएगा। इसके लिए करीब 350 करोड़ रुपये का बजट रखा है। एलआइजी से इंडस्ट्री हाउस के बीच पहला चरण शुरू होगा। इसका काम मार्च के पहले सप्ताह में शुरू होना था, लेकिन मिट्टी परीक्षण की रिपोर्ट नहीं आई थी। साथ ही एजेंसी ने गैस, नर्मदा और टेलीफोन लाइन के बारे में नहीं बताया। इससे एजेंसी को यह अंदाजा लगाना थोड़ा मुश्किल हो गया कि कौन सी लाइन सड़क के नीचे कहां से गुजर रही है, क्योंकि लाइन के बारे में जानकारी होने पर ही ब्रिज के पिलर को खड़ा रखने के लिए जगह सुनिश्चित की जाएगी।

#### एजेंसी ने की लेटलतीफी

एजेंसी की लेटलतीफी के कारण काम को कुछ दिन आगे बढ़ाना पड़ा। अब डिजाइन को लेकर काम 20 अप्रैल तक खत्म करना है। अधिकारियों के अनुसार, 25 से



30 अप्रैल के बीच काम शुरू किया जाएगा। इसके लिए निर्माण एजेंसी को दिशा-निर्देश दे दिए हैं।

#### ट्रैफिक को करेंगे डायवर्ट

ब्रिज निर्माण के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी इन दिनों वैकल्पिक मार्ग खोजने में लगा है, क्योंकि सुबह और शाम में बीआरटीएस पर वाहनों की संख्या काफी अधिक रहती है। इसके लिए बीआरटीएस को जोड़ने वाले रास्तों से वाहनों को गुजारा जाएगा। एलआइजी से पलासिया जाने वाले वाहनों को अनूप नगर, श्रीनगर से निकालेंगे, जबकि पलासिया से एलआइजी जाने वाली गाड़ियां जंजीरवाला चौराहा होते हुए नेहरू नगर निकलेंगी।

#### तकनीकी बाधाओं के लिए फिर सर्वे

एलिवेटेड ब्रिज को लेकर पीडब्ल्यूडी दोबारा सर्वे करवा रहा है, क्योंकि निर्माण के दौरान तकनीकी बाधाओं को दूर किया जा सके। एलआइजी से पलासिया के बीच बीआरटीएस की चौड़ाई थोड़ी कम है। यहां तक कि आसपास से बिजली लाइन भी गुजर रही है। यह काम दस दिनों में पूरा होगा। उसके आधार पर निर्माण कार्य को लेकर रूपरेखा बनाई जाएगी।

# कलेक्टर के निर्देशन पर अब लीज की कार्यवाही होगी शुरू

### जिले को 108 भूमि कर रखी आवंटित, राजस्व वसूली की तैयारी हुई तेज

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**


जिले में नजूल व अन्य भूमि जो लीज पर दी गई है उनको लेकर प्रशासन अब कार्रवाई करने जा रहा है। 73 मामलों में लीज का नवीनीकरण करने के साथी सभी नीचे धारकों से भू भाटक भी वसूला जाएगा। सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण और मंदिरों की जमीन को खाली कराने के साथ ही अब जिला प्रशासन नजूल की लीज भूमि पर भी कार्रवाई की शुरूआत करने जा रहा है।

जिले की 108 भूमि जो लीज पर दी गई है उनसे राजस्व वसूली का अभियान शुरू किया जा रहा है। इन 108 लीज भूमि में से 73 का नवीनीकरण होना शेष है। उक्त प्रकरणों के आधार पर जल्द ही नवीनीकरण की कार्रवाई भी शुरू की जा रही है। अपर कलेक्टर सपना लोवंशी ने बताया कि जिले की सभी नजूल की लीज पर दी गई भूमियों को लेकर अभियान शुरू किया जा रहा है। समस्त प्रकरण निकालकर उनकी लीज अवधि का परीक्षण करने के साथी नवीनीकरण के मामलों को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं। जिन लीजधारकों ने अभी तक भू भाटक जमा नहीं किया है उनसे वसूली भी जल्द से जल्द की जाएगी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 से जिले में नजूल भूमि को लेकर विशेष अभियान चलाया गया और प्रत्येक भूमि के लीज प्रकरण को खंगाल कर लीज धारक से दस्तावेज तथा किए गए अनुबंध का परीक्षण करने के बाद राशि जमा कराई गई थी। उसके बाद से जिले में सतत कार्रवाई हुई और कुछ जमीनों की लीज निरस्त करने का काम भी हुआ है। वर्तमान में प्रशासन के पास 108 लीज पर दी गई भूमियों की जानकारी है जिन पर बकाया भू भाटक की वसूली अब की जाएगी।

#### 3 सेक्टर में शुरू हुआ रेसीडेंसी क्षेत्र का सर्वेक्षण...

इस पूरे मामले में अपर जिला दंडाधिकारी सपना लोवंशी का कहना है कि रेसीडेंसी क्षेत्र की भूमि को लेकर शुरू किए गए दस्तावेजीकरण के कार्य में अधिकांश लोगों ने अपने दस्तावेज अभी तक जमा नहीं किए हैं। दो बार अधिसूचना जारी करने के बावजूद लोगों की रुचि इसमें नजर नहीं आई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया । अब इस क्षेत्र को तीन अलग-अलग सेक्टर में बांटकर एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे अपने सेक्टर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र तथा कॉलोनी के रहवासियों से उनके पास उपलब्ध दस्तावेज एकत्रित कर प्रस्तुत करेंगे जिसके आधार पर इस क्षेत्र का सर्वेक्षण पूर्ण होगा एवं उसका राजस्व रिकार्ड तैयार किया जाएगा।

## कार चलाते वक्त आर्मी कैप्टन को लगी झपकी, रोड पर मचा कोहराम



**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

मध्यप्रदेश की महू तहसील के बड़गोंदा रोड पर बड़ा कोहराम मच गया। ट्रेनिंग के लिए निकले आर्मी कैप्टन ने तीन बाइक सवार और एक पैदल महिला को टक्कर मार दी। जिसमें चार लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को इंदौर के निजी अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं 1 घायल को महू के गेटवेल अस्पताल में ही भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। कैप्टन नित्यम अरोड़ा शनिवार को किसी पार्टी में गए थे। वह रविवार को सुबह अपनी कार से जाम से लौट रहे थे। तभी सुबह करीब 8:30 से 9 बजे के बीच कैप्टन को अचानक झपकी लग गई और गाड़ी रॉन्ग साइड पर आ गई। जहां 4 बाइक सवार और एक पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। जिसमें सभी बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कैप्टन की चार पहिया वाहन को जब्त कर लिया है। इसके साथ ही उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है। घटना में घायल जितेंद्र सिंह और उसके पिता मान सिंह सोलंकी को अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## रतलाम की नर्सिंग छात्रा की हत्या कर शव जावरा में फेंक दिया

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

महू नीमच हाइवे फोरलेन किनारे चार दिन पहले अर्धनग्न अवस्था में मृत मिली युवती की शिनाख्त शनिवार को हो गई। युवती गांव नरेड़ी बेरा (तहसील खाचरौद) जिला उज्जैन की रहने वाली थी।

युवती रतलाम में किराये के मकान में अकेली रहकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस ने तीन दिन तक शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शुक्रवार को शव दफना दिया था। परिजनों के सामने आने के बाद पुलिस ने शनिवार शाम शव को गड्ढा खोदकर वापस निकाला है। नरेड़ी बेरा निवासी एक परिवार युवती की गुमशुदगी लिखाने के लिए औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाना रतलाम पहुंचा। इस पर उन्हें ढोढर के पास हाईवे किनारे मृत मिली युवती के फोटो दिखाए तो परिजनों ने इस आधार पर उसकी पहचान की। इसके बाद सभी को जावरा ले जाया गया। शव निकालकर पहचान कराने पर उन्होंने उसे पहचान लिया। 2 अप्रेल को ढोढर के समीप फोरलेन स्थित रूपनगर फंटे से अंदर एक अर्धनग्न युवती की लाश मिली थी। युवती की गला रेत कर हत्या की गई थी।

# पुलिस की वर्दी पहनकर दिखा रहा था रौब जब पकड़ा गया तो निकल गई सारी हेकड़ी

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

मध्यप्रदेश के इंदौर में ट्रैफिक पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को पकड़ा है। जो कि टोल टैक्स सहित अन्य सुविधाओं का फायदा उठाने के लिए पुलिस की वर्दी पहनता है। वर्दी में स्टार भी लगे हुए हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। युवक ने अपनी पहचान टीआई के रूप में बताई थी। यह मामला इंदौर के विजयनगर का बताया जा रहा है।



विजयनगर में चेकिंग के दौरान यातायत पुलिस ने वर्दी पहने हुए एक शख्स को पकड़ा है। जिसने खाकी शर्ट पहनी हुई थी और उसके साथ कंधे पर स्टार भी लगा हुआ था। लेकिन ट्रैफिक पुलिस उस वक्त चौंक गई। जब उन्होंने देखा कि नीचे युवक ने दूसरे कलर की पैंट पहन रखी थी। युवक मंदसौर जिले का रहने वाला बताया जा रहा है।

#### टोल टैक्स बचाने के लिए पहनता था वर्दी

ट्रैफिक पुलिस ने युवक को विजय नगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिसकर्मियों को उसने पूछताछ में बताया कि वह हाईवे पर टोल टैक्स बचाने के लिए ऐसा करता था। जानकारी के मुताबिक, आरोपी किसी थाना प्रभारी का निजी ड्राइवर है। हालांकि पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी हुई है।

# नर्मदा के पानी से नहीं धुल पाएंगे अपनी कार, होगी कार्रवाई

### ट्रीटेड वॉटर का होगा उपयोग, जल संरक्षण के लिए 16 नोडल सहित 50 से अधिक अफसरों की बनाई स्पेशल टीम, नियम नहीं माने तो होगी कार्रवाई

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

शहर में तेजी से गिरते भू-जल स्तर को सुधारने के लिए निगमायुक्त शिवम वर्मा ने 50 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों की स्पेशल टीम बनाई है। इनमें से 16 नोडल अधिकारी जल शक्ति मिशन के कैच द रैन 2024 अभियान के तहत नियुक्त किए हैं। उनके साथ 40 से अधिक कर्मचारी भी भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। ये टीम एनजीओ, रहवासी संघ, शैक्षणिक संस्थाओं, औद्योगिक संस्थानों, तालाबों के



कैचमेंट व चैनल आदि पर काम करेगी। निगमायुक्त नोडल अधिकारियों के कार्यों पर नजर रखेंगे। इसके अलावा वॉशिंग सेंटर पर नर्मदा और बोरिंग के पानी का उपयोग प्रतिबंधित किया गया है।

मालूम हो, इंदौर का भू-जल क्रिटिकल स्थिति में है। पत्रिका ने इस गंभीर संकट का खुलासा किया था। इसके बाद जल संचय अभियान शुरू किया गया। अगले दो दिन में शहर में वाटर रिचार्ज सॉफ्ट तैयार करने का काम शुरू हो जाएगा। नगर निगम ने रिचार्ज सॉफ्ट के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया है, जहां बारिश का पानी जमा होता है। सभी जोन से ऐसे स्थानों की सूची मिलने के बाद रिचार्ज सॉफ्ट का काम करने वाली कंपनी ने 100 स्थान चिन्हित किए हैं। रिचार्ज सॉफ्ट बनाने के लिए कलेक्टर कार्यालय से अनुमति मिलते ही काम शुरू किया जाएगा। दावा है कि इन 100 रिचार्ज सॉफ्ट के जरिए अरबों गैलन बारिश का पानी भूमि में उतारा जाएगा।

#### वॉशिंग सेंटर को निगम देगा ट्रीटेड वाटर

नगर निगम ने ऑटो मोबाइल वॉशिंग सेंटर संचालन में बोरिंग और नर्मदा के पानी का उपयोग करना प्रतिबंधित कर दिया है। यहां ट्रीटेड वाटर ही उपयोग होगा। यह पानी नगर निगम ही उपलब्ध करवाएगा। किसी सेंटर पर नर्मदा या बोरिंग के पानी का इस्तेमाल होते पाया गया तो उसे सील कर दिया जाएगा। इसके लिए अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

#### नोडल अधिकारी करेंगे ये काम

-बैंकों के मैनेजर्स के साथ बैठक कर रिचार्ज यूनिट लगाने व जन भागीदारी से काम करवाएंगे।

-जल स्त्रोतों की सर्वे रिपोर्ट देंगे कि इनसे वाटर रिचार्ज किया जा सकता है या नहीं। तालाबों के कैचमेंट और चैनल से अतिक्रमण हटाएंगे।

-जी प्लस थ्री कमर्शियल बिल्डिंग में रैन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य।

-निमार्णाधीन और बिल्डर के पजेशन वाली कॉलोनी और टाउनशिप में रहवासी संघ से समन्वय कर शत-प्रतिशत रैन वाटर हार्वेस्टिंग करवाना।

-औद्योगिक क्षेत्र में एसोसिएशन से समन्वय पर शत-प्रतिशत रैन वाटर हार्वेस्टिंग करवाना।

-जल संरक्षण के कार्यों के लिए निगम में कॉल सेंटर तैयार किया जाएगा, जहां आमजन वाटर हार्वेस्टिंग आदि के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## कलेक्टर डॉ. बेड़ेकर ने ढोल-मांदल बजाकर दिया मतदाताओं को मतदान का संदेश

**इंदौर ■ ग्लोबल हेराल्ड**

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर इंदौर संभाग में मतदान के प्रतिशत में वृद्धि के लिए स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता हेतु अनेक जतन किये जा रहे हैं। संभाग के अनुसूचित जनजाति बहुल अलिराजपुर जिले में लोकप्रिय उत्सव भगोरिया में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रयास किये गये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभय बेड़ेकर स्वयं अपने अधिकारियों के साथ भगोरिया पर्व में ग्रामीणों के बीच पहुंचे और ढोल-मांदल बजाकर मतदाताओं को मतदान का संदेश दिया।

कलेक्टर एवं जिले निर्वाचन अधिकारी डॉ. अभय अरविंद बेडेकर ने बताया की अनुसूचित जनजाति बहुल अलिराजपुर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनेक जतन



किये जा रहे हैं। इस जिले में मत प्रतिशत कम रहने का सबसे बड़ा कारण पलायन रहा है। इसे दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी पलायन कर चुके मतदाताओं का एक डाटा संग्रह बनाया गया है। जिसमें उनके नाम, मोबाइल नंबर, और बूथ नंबर है। इस प्रकार 85 हजार से अधिक पलायन कर चुके मतदाता का डाटा संग्रह करके एक कंट्रोल रूम निर्मित किया जा रहा है । इस कंट्रोल रूम के माध्यम से नियमित तौर पर सभी 85 हजार मतदाताओं से कॉल करके संपर्क बनाया जा रहा है और मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होने बताया कि मतदान के कुछ दिवस पूर्व जिला प्रशासन द्वारा 6 दलों का गठन किया जायेगा। उक्त दलों को गुजरात भी भेजा जाएगा, जो वोटिंग के एक सप्ताह पहले गुजरात के 6 अधिकतम पलायन प्रभावित जिलों में जाएगा और वहाँ के जिला प्रशासन से संपर्क कर मतदाता को वोट करने के लिए प्रेरित करेंगे।

सम्पादकीय

# मां-बाप की सेवा करो

माता - पिता बच्चों की छोटी - छोटी बातों का ध्यान रखते हैं कि हमारे बच्चे बड़े हो रहे है उन्हें भी निजता चाहिए, अपने आप थोड़ी सी जगह में रहकर,अभाव सहकर बच्चों की हर जरुरत को पूरा करते है लेकिन वही बच्चे बड़े होकर अपने माता - पिता को बोझ समझते हैं उन्हें अपने से दूर रखने की कोशिश करते हैं उनकी खांसी की आवाज, कराहने की आवाज बुरी लगती है। जो माता पिता सारी - सारी रात जागकर बच्चों की देखभाल करते है वही बच्चे बाद में उन्हें नजर अन्दाज करते हैं। माता पिता को यदि हम साथ नहीं ले जा पाते हैं, तो कोई बात नहीं लेकिन यदि हम उनसे इतना ही कह दें कि हमें अमुक जगह जाना है, उसी में वह खुश हो जाते हैं उन्हें लगता है कि मेरे बच्चे हमारी कितनी परवाह करते हैं। पूछने और बताने में अन्तर होता है। यह शब्दों का हेर-फेर है। लेकिन बुजुर्ग माता पिता की आवश्यकताएं क्या हैं, हम लोगों का साथ और थोड़ा सा भोजन, यदि हम उनसे पूछ कर बनाएं तो उन्हें भी लगेगा कि हमारी घर में सबको परवाह है। हमें अपने बुजुर्गों के अनुभवों से लाभ प्राप्त करना चाहिए अर्थात सलाह लेनी चाहिए, आज की पीढ़ी छोटी सी समस्या आ जाने पर घबरा जाती है या आवेश में अजाती है लेकिन यदि हम अपने बुजुर्गो से सलाह लेगे तो वह शान्त चित्त से अपने अनुभव के आधार पर अच्छा मार्ग दर्शन देंगे। किसी एक दिन को मदर्स डे या फादर्स डे मनाने से कुछ नही होगा। माता पिता हमारे लिए भगवान का दूसरा रुप है, हमारी सृजनकर्ता है, हमारा जो वजूद है वह उन्हीं के कारण है। उनकी महत्ता को किसी विशेष दिन से बांधने की जरुरत नहीं है। यही छोटी - छोटी बातें हैं जिनका अगर हम ध्यान दे तो, यह जीवन में ऊर्जा प्रदान करती है। जरुरत है बस इस अहसास को जगाने की है। हमें अपने परिवार के साथ - साथ अपने बुजुर्ग माता पिता की देखरेख भी उतनी ही शिद्दत से करनी है क्योंकि यह अनमोल है आज जो हमारा वजूद है वह इन्हीं की बदौलत है।अगर हमारे पास समय है, तो अपने बुजुर्ग यदि हमारे साथ नहीं है तो हमारे आसपास भी बहुत से वृद्ध होंगे जिन्हें हमारे साथ की आवश्यकता है यदि हम अपने व्यस्त समय में से कुछ समय निकाल कर तो हमें अपने परिवार अपने समाज को यह समय देना चाहिए, इससे हमें कितना संतोष मिलता है। क्योंकि परिवार से समाज, समाज से देश बनता है। एक अच्छे नागरिक होने का यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने आसपास की बातों को भी नजरअन्दाज न करें, बल्कि एकसभ्य/जागरुक नागरिक होने के नाते उन्हें भी पूरा करें। हमारे इस प्रयास को हमारे बच्चे भी देखते हैं, उन पर भी एक अच्छा सन्देश जाएगा। क्योंकि जैसा हम बोते हैं वैसा ही काटेंगे। यह मेरी प्रार्थना है वैसे तो आज के समय में सब समझदार लोग हैं। मैं यह किसी पर कटाक्ष नही कर रहा हू जो भी लोग अगर इन बातों का अमल करते हैं उन्हें हमारी शुभकामनाएं। सदैवयही न सोचें कि उसने हमारे के लिए क्या किया बल्कि यह सोचें कि हमने क्या किया। कई बार बुजुर्गों से भी गलती हो जाती है, वह जिद कर लेते हैं बच्चों की तरह तो हमें यह बाते नजरअन्दाज कर देनी चाहिए क्योंकि कहते हैं न बच्चा बूढ़ा एक समान। किसी भी अच्छी बात की शुरूआत हमें अपने से करनी चाहिए हमेशा दूसरे से ही अपेक्षा ने करें स्वंय से शुरूआत करें। कहते हैं न जहां जागो, वही सवेरा है। मेरी बस एक विनती है, प्रार्थना है कि केवल अधिकारों को नही कर्तव्यों को भी याद रखें।



संजय गोस्वामी
लेखक
दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

**मां-बाप की सेवा करो, कामयाब हो जाओगे**
**वरना सारी दुनिया जीत कर भी, हार जाओग**

मनुष्य में जीने की इच्छा मृत्यु की लालसा से अधिक बलवती होती है। जीवन एक उल्लास है। तूफानी खुशी का दूसरा नाम जिन्दगी है। जीवन का गहरा, सच्चा और स्थायी सुख कब मिलता है ? मां -बाप के सुख के लिए जीने से। मां -बाप को सुख देनेवाला व्यक्ति कभी दुःखी नहीं हो सकता है। मां -बाप के सुख के लिए जीनेवाल व्यक्ति कभी दुःखी नहीं होता है। अपना अपमान अथवा अपनी हानि करनेवालो के भी दुःख में सुख ढूँढ़नेवाला कभी सुखी नहीं हो सकता। जीवन का सत्कार करनेवाला सबसे प्रेम करता है, सबको यथाशक्ति, यथासम्भव सुख देने का प्रयत्न करता है।

# शुरू होनी चाहिए पर्यावरणीय मुद्दों को मुख्यधारा में लाने की चुनावी प्रथाएं


**-प्रियंका सौरभ | लेखक**

राजनीतिक दलों को जलवायु परिवर्तन पर सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए स्पष्ट रूप से कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। राजनीतिक दलों को उन कदमों के बारे में बताना चाहिए जो वे भारत पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए उठाएंगे। यदि भारत वैश्विक व्यवस्था में अपना उचित स्थान पाना चाहता है, और "अमृत काल" में एक सच्ची विश्व शक्ति के रूप में गिना जाना चाहता है, तो जलवायु परिवर्तन कार्यों पर इसके नेतृत्व की मांगों पर नजर रखी जाएगी। मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पारंपरिक चुनाव तरीकों के पर्यावरणीय प्रभाव पर जोर देने, नवीन पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करने में हो सकती है। पर्यावरण के प्रति जागरूक चुनावी प्रथाओं को अपनाने से भारत को दुनिया भर के अन्य लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण स्थापित करने में मदद मिल सकती है।



दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक जलवायु स्थिति रिपोर्ट ने चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 को आधिकारिक तौर पर ग्रह के इतिहास में सबसे गर्म वर्ष के रूप में पहचाना गया है। राजनीतिक अभियानों में जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं को शामिल करके, राजनीतिक नेता मतदाताओं के बीच मुद्दे की गंभीरता और निर्णायक कार्रवाई की अनिवार्यता के बारे में जागरूकता बढ़ा सकते हैं। यह सार्वजनिक चर्चा को जलवायु कार्रवाई को प्राथमिकता देने की दिशा में स्थानांतरित करने और नीति निमार्ताओं और जनता के बीच तात्कालिकता की भावना को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। जलवायु परिवर्तन को राजनीतिक अभियानों में एकीकृत करना राजनीतिक दलों को सतत विकास और वैश्विक नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। डब्ल्यू.एम.ओ. रिपोर्ट सामूहिक सार्वजनिक कार्रवाई शुरू करने को अनिवार्य बनाती है - कुछ-कुछ वैसा ही जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान हुआ था। इस चुनावी मौसम में, डब्लूएमओ रिपोर्ट का परिणाम न केवल पूरी मानवता के लिए, बल्कि विशेष रूप से सभी राजनीतिक दलों के लिए जागृत होना चाहिए। डब्ल्यूएमओ, संयुक्त राष्ट्र और वैज्ञानिक बिरादरी द्वारा व्यक्त की गई जलवायु परिवर्तन पर चिंता को राजनीतिक दलों को अपनी कार्य योजनाओं को स्पष्ट करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।पूर्व-औद्योगिक स्तर से औसत तापमान वृद्धि ±0.12 डिग्री सेल्सियस की अनिश्चितता के मार्जिन के साथ 45 डिग्री सेल्सियस रही है। तापमान वृद्धि विभिन्न देशों द्वारा तय की गई 5 डिग्री सेल्सियस की सीमा को तोड़ने के करीब है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 स्पष्ट अंतर से सबसे गर्म वर्ष था और जहां कई रिकॉर्ड टूट गए। समुद्र के तापमान में वृद्धि, ग्लेशियर पीछे हटने, अंटार्कटिक बर्फ के आवरण में कमी, ग्रह के चारों ओर समुद्र के स्तर में वृद्धि के रिकॉर्ड।



- प्रियंका सौरभ, रिसर्च स्कॉलर इन पॉलिटिकल साइंस, हिसार हरियाणा

2023 में दुनिया के महासागरों की गर्मी सामग्री रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई, जो अब तक दर्ज की गई महासागरीय गर्मी सामग्री का उच्चतम स्तर है। महासागरीय धाराओं की एक प्रणाली, अटलांटिक मेरिडियनल ओवरटर्निंग सर्कुलेशन (एएमओसी) का धीमा होना। वैश्विक औसत समुद्र-सतह तापमान (एसएसटी) 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर था, कई महीनों में पिछले रिकॉर्ड महत्वपूर्ण अंतर से टूट गए। वैश्विक महासागर में औसत दैनिक समुद्री हीटवेव कवरेज 32% का अनुभव हुआ, जो 2016 में 23% के पिछले रिकॉर्ड से काफी ऊपर है। गर्मी की लहरें, मूसलाधार बारिश और उष्णकटिबंधीय चक्रवात जैसी चरम मौसमी घटनाओं की आवृत्ति बढ़ गई है। 2023 में नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि हुई, नवीकरणीय क्षमता में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 50% की वृद्धि हुई। 18वीं सदी के मध्य से औद्योगिक प्रगति के प्रमुख चालक सभी क्षेत्रों में मशीनीकरण और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचार रहे हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद की अवधि में प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का दोहन काफी बढ़ गया है। प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से प्रेरित प्रगति का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भरता का जलवायु पर भारी प्रभाव पड़ा है। जीवाश्म ईंधन के उपयोग से ग्रीनहाउस गैसों का बड़े पैमाने पर उत्सर्जन हुआ है, जिससे सीधे वैश्विक तापमान में वृद्धि हुई है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती करने और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बढ़ने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करनी चाहिए क्योंकि देश पेरिस समझौते में उल्लिखित लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं। राजनीतिक दल अपने मंचों पर विशिष्ट नीतियों और कार्यों की रूपरेखा तैयार करके जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों को संबोधित कर सकते हैं। इसके अलावा, भारत में चुनावी मौसम जलवायु परिवर्तन पर चर्चा को बढ़ाने और राजनीतिक दलों को पर्यावरणीय मुद्दों पर उनके रुख के लिए जवाबदेह बनाने का एक अनूठा अवसर प्रस्तुत करता है। मतदाताओं का अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के बारे में उनकी चिंताएँ बढ़ने पर राजनीतिक नेता अपने नीतिगत एजेंडे में स्थायी समाधानों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। राजनीतिक अभियान महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं पर लोगों के साथ बातचीत कर सकते हैं और जलवायु परिवर्तन कार्य योजनाओं को शामिल करके उन्हें हल करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दिखा सकते हैं।जैसा कि भारत वैश्विक मंच पर अपनी सही जगह का दावा करना चाहता है और अमृत काल में एक दुर्जेय विश्व शक्ति के रूप में उभरना चाहता है, जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में इसके नेतृत्व की प्रभावशीलता पर बारीकी से नजर रखी जाएगी। राजनीतिक स्पेक्ट्रम के पार, पार्टियां भारत की आर्थिक समृद्धि को आगे बढ़ाने और इसकी आबादी की भलाई में सुधार लाने के उद्देश्य से पहल को प्राथमिकता दे रही हैं। हालाँकि, कार्रवाई योग्य योजनाओं के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की केंद्रीय चुनौती से निपटने के ठोस प्रयास के बिना राष्ट्रीय प्रगति के लिए कोई भी व्यापक एजेंडा अपर्याप्त होगा।

# कहीं सूखा, कहीं आग। वर्षा ऋतु में परिवर्तन जल रसातल में, पृथ्वी पर बड़े खतरे का संकेत

भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही है' इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा है' अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।




ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54% अधिक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो दुनिया के सब अमीर देश अकेले विश्व के कुल गैस उत्सर्जन के लिए बड़े जिम्मेदार पाए गए हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि अगले आठ दस सालों में अपने गैस उत्सर्जन में कटौती को आधा यानी 50% से कम नहीं करती है तो वर्ष 2050 तक उसे शून्य स्तर पर लाना होगा, अगर ऐसा नहीं किया तो पृथ्वी को तबाह होने से कोई नहीं रोक सकता है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो भारत मोटे तौर पर ग्रीन हाउस गैसों के कुल वैश्विक उत्सर्जन में सहित 6.8 प्रतिशत का हिस्सेदार है। 1990 से लेकर 1920 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में एक में 175% की बढ़ोतरी हुई है। 2013 से 2021 के बीच देश के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन की मात्रा 17 फीसदी बढ़ी है, राहत की बात यह है कि अब भी भारत का उत्सर्जन स्तर जी-20 देशों के औसत स्तर से बहुत नीचे है। देश में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 11% की है, भारत की कुल ऊर्जा आपूर्ति में जीवाश्म ईंधन आधारित प्लांट का योगदान 74% है। यदि कार्बन उत्सर्जन को रोका नहीं गया और जीवाश्म ईंधन के उपयोग की रफ्तार यही रही तो भारत सहित विश्व के अधिकांश देश अपनी धरती को बचाने में सक्षम नहीं होंगे।



संजीव ठाकुर
लेखक
दैनिक ग्लोबल हेराल्ड

## विचारों की तरंगें...



राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन! मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बातें हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे ? राजा भी क्यों खरीदेगा ? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं। सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

# व्यापार

## ईवी की ब्रिकी 41 प्रतिशत बढ़ी 1.66 मिलियन ईवी की सेल दर्ज

मुंबई ■

भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की बिक्री इस साल 66 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राज्य की सब्सिडी और सहायक बुनियादी ढांचे के विकास के कारण ईवी की सेल में तेजी देखने को मिलेगी, इसी के साथ साल 2024 के आखिर तक ईवी कुल पीवी बाजार का लगभग 4 प्रतिशत हिस्सा होगा।

रिपोर्ट में अनुमान जाहिर किया गया हैं कि साल 2030 तक, ईवी भारत के निजी वाहन बाजार में लगभग एक तिहाई हिस्सेदारी बना लेगी। भारतीय ईवी सेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2024 में ईवी के विभिन्न प्रकार के वाहनों में रिकॉर्ड बिक्री हुई। बिक्री में सालाना 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और 1.66 मिलियन ईवी की सेल दर्ज की गई। मार्च के



महीने में 197,000 से अधिक इकाइयों की बिक्री के साथ एक नया रिकॉर्ड बना, ऐसा माना जा रहा है कि ये रिकॉर्ड सेल फेम-क्क सब्सिडी योजना से लाभ उठाने की भीड़ के कारण था, जो कि आंशिक रुप से समाप्त होने वाली है। फेम-क्क को बदलने के लिए, मोदी सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम 2024 शुरू की है, जिसमें इलेक्ट्रिक दो और तीन-पहिया वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यह योजना इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के अंत तक वैध है।

## विप्रो के सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिग्गज टेक कंपनी विप्रो के सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने अपना इस्तीफा दे दिया है। कंपनी की फाइलिंग में जानकारी मिली है कि 31 मई को थिएरी डेलापोर्टे को कंपनी से रिलीव कर दिया जाएगा। कंपनी ने थियरी के इस्तीफे के बाद तुरंत प्रभाव से श्रीनिवास पल्लिया को नया चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में की नियुक्त कर दिया है। बता दें कि थिएरी ने का 5 साल का कार्यकाल जुलाई 2025 में खत्म होना था लेकिन उन्होंने पहले ही इस्तीफा दे दिया। श्रीनिवास पल्लिया जिन्हें कंपनी ने सीईओ और एमडी का पदभार सौंपा है वे साल 1992 से विप्रो में शामिल हैं। उन्होंने विप्रो की कंज्यूमर बिजनेस यूनिट के प्रेसीडेंट और बिजनेस एप्लीकेशन सर्विसेज के ग्लोबल हेड के रूप में भी काम किया है।

## वैश्विक घटनाक्रम और कंपनियों के नतीजों पर रहेगी बाजार की नजर: विश्लेषक

नई दिल्ली ■

वैश्विक बाजार के मिलजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की वजह से बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से अधिक की तेजी में रहे घरेलू शेयर बाजार की इस सप्ताह वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों पर निर्भर करेंगी। ईद-उल-फितर के मौके पर गुरुवार को शेयर बाजार में कारोबार नहीं होगा।

कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों का रुख, रुपये-डॉलर के रुझान और कच्चे तेल की कीमतें भी उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा तय होगी। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि भारतीय कंपनियां इस सप्ताह चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा शुरू करेंगी। इस




क्रम में आईटी सेवा कंपनी टीसीएस सबसे पहले अपने नतीजे घोषित करने वाली है। टीसीएस के नतीजे 12 अप्रैल को जारी होंगे। उन्होंने बताया कि भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी 12 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे और इसी दिन मार्च के लिए मुद्रास्फीति की घोषणा की जाएगी। निवेशक डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की निवेश गतिविधियों पर करीब से नजर रखेंगे।

## इन्दौर बाजार भाव

लूज तेल (प्रति दस किलो) : इंदौर मूंगफली तेल 1510 से 1530, मुंबई मूंगफली तेल 1530, इंदौर सोयाबीन रिफाइंड 1000 से 1005, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 955 से 960, मुंबई सोया रिफाइंड 985 से 990, मुंबई पाम तेल 990, इंदौर पाम 1012, राजकोट तेलिया 2400, गुजरात लूज 1500, कपास्या तेल इंदौर 960 रुपए।

तिलहन : सरसों निमाड़ी (बारीक) 5800, एवरेज 5400 से 5600, रायड़ा 4600 से 4800, सोयाबीन 4650 रुपए क्विंटल। सोयाबीन डीओसी स्पॉट 38000 रुपए टन।

प्लांटों के सोयाबीन भाव : बैतूल 47500, लक्ष्मी 4725, प्रेस्टीज 4750, रुचि 4680, सांवरिया 4650, खंडवा 4725, धानुका 4800, एमएस नीमच 4800, एमएस पचोर 4690 व एवी 4700 रुपए।

कपास्या खली ( 60 किलो भरती) बिना टेक्स भाव - इंदौर 1850, देवास 1850, उज्जैन 1850, खंडवा 1825, बुरहानपुर 1825, अकोला 2800 रुपए।

मुंबई पोट पर आयातित चना तंजानिया 5700, काबुली सूडान 6500, मसूर कनाड़ा 6200, तुवर लेमन नई 10550, गजरी 9700, तुवर सूडान 10700, तुवर सफेद 9900, तुवर तंजानिया 10000 व उड़द एफएक्यू 9150 रुपए।

दलहन: चना कांटा 5900 से 6000, विशाल नया 5650 से 5900, डंकी 5300 से 5500, मसूर 6100, तुवर महाराष्ट्र 10600 से 10800, कर्नाटक 10800 से 11000, निमाड़ी 9000 से 10300, मूंग 9000 से 9200, बारिश का मूंग 9200 से 10000, एवरेज 7000 से 8000, उड़द बेस्ट 8800 से 9200, मीडियम 7000 से 8000, हल्का 3000 से 5000 रुपए क्विंटल।

दालें: चना दाल 7800 से 7900, मीडियम 8000 से 8100, बोल्ड 8200 से 8300, मसूर दाल मीडियम 7200 से 7300, बोल्ड 7400 से 7500, तुवर दाल सवा नंबर 12800 से 13000, फूल 13900 से 14000, बेस्ट तुवर दाल 14700 से 14800, ब्रांडेड तुवर दाल 15800, मूंग दाल मीडियम 10550 से 10650, बोल्ड 10750 से 10850, मूंग मोगर 11450 से 11550, बोल्ड 11650 से 11750, उड़द दाल मीडियम 11100 से 11200, बोल्ड 11300 से 11400, उड़द मोगर 11450 से 11550, बोल्ड 11650 से 11750 रुपए।

काबली चना कंटेनर भाव- काबली चना (40-42) 11900, (42-44) 11700, (44-46) 11400, (58-60) 9400 रुपए।

इंदौर चावल भाव- दयालदास अजीत कुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 11500 से 12500, तिबार 10000 से 11000 , दुबार 8500 से 9500, मिनी दुबार 7500 से 8500, बासमती सेला 7000 से 9500, मोगरा 4500 से 7000, दुबराज 4500 से 5000, कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7500, परमल 3200 से 3400, हंसा सेला 3400 से 3600, हंसा सफेद 2800 से 3000, पोहा 4550 से 4800 रुपए।

शकर 3820 से 3890, सुपर 3900, गुड़ भेली 3700, कटोरा 3900, लड्डू 4100, ग्लास 4600 से 4900, ऑर्गेनिक 6500, सिंघाड़ा बड़ा 105 से 110, छोटा 90, सच्चासाबु एगमार्क (आध किलो पैकिंग) 7740, साबूदाना चक्र एगमार्क (500 ग्राम) 7440, शिव ज्योति (1 किलो) 7360, साबूदाना गोपाल लूज (25 किलो) में 6950 रुपए (भाव प्रति क्विंटल में)। खोपरा गोला कट्टे में 111 व बाक्स में 125 से 140, खोपरा बूरा 2350 से 4400 रुपए।

पूजन सामग्री : नारियल 120 भरती 1800 से 1850, 160 भरती 1850 से 1900, 200 भरती 1850 से 1900, 250 भरती 1850 से 1900, देशी कपूर 810 से 815, पूजा बादाम 85 से 90, बेस्ट 155 से 175, पूजा सुपारी 480, अरीठा 125 से 130 रुपए। केसर 180 से 188, बेस्ट 210 से 213 रुपए प्रति ग्राम, सिंदूर (25 किलो) 7500 रुपए।

आटा-मैदा : आटा चक्की 1460, रवा कट्टे में 1570, मैदा 1470, चना बेसन 3900 रुपए प्रति 50 किलो बोरी।

इंदौर मावा 300 रुपए किलो। उज्जैन मावा 240 रुपए किलो। डेयरी भाव- थोक में पनीर 360, रिटेल में 380 से 400, थोक में दही 100, रिटेल में 120, थोक में मक्खन 580, रिटेल में 600, थोक में घी 600, रिटेल में 640 रुपए।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन




**सेंधवा (निर्मला वर्मा)।** आदर्श महिला मंडल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। फिजियोथैरेपी डॉक्टर रुचि शाह जीद्वारा स्वास्थ्य शिवीर का कैंप लगाया गया जिसमें मंडल की समस्त महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया डॉक्टर रुचि शाह मैडम ने बताया कि महिलाओं को अपने लिए समय निकालकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए और थोड़ी सी भी तकलीफ हो तो डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए समय-समय पर चेक अप करवाते रहना चाहिए। फिजियोथेरेपी के बारे में भी उन्होंने एक्सरसाइज कैसे करते हैं इस बारे में एक्सरसाइज करके बताया ।हम सभी को बहुत अच्छे तरीके से समझाकर बताया ताकि आप और हम सभी घर पर भी एक्सरसाइज कर सकते हैं। कार्यक्रम में मिसेस फिट प्रतियोगिता रखी गयी थी जिसमें जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर रहे तृप्ति खले द्वितीय स्थान आरती अग्रवाल सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर ज्योति शर्मा द्वितीय स्थान पर निर्मल वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन करके किया गया हमारे मुख्य अतिथि डॉक्टर रुचि शाह मैडम के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन सुधा दुबे मनीष तावडे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिलामंडल अध्यक्ष मेधा एकडी उपाध्यक्ष निर्मल वर्मा सचिव सुप्रिया वैद्य सहकोष अध्यक्ष तृप्ति खले ,डॉ अर्चना पटेल, डॉ नीलिमा पवार , ज्योत्स्ना अग्रवाल ,आरती अग्रवाल, मनोरमा लोनारे ,मंगला पंडित, निशा शर्मा ,मनीषा जोशी ,ज्योति शर्मा, अंकिताओक, रेखा ओक ,भारती बेन सेठ, रेखा बंसल ,माला यादव सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार हर्षा शर्मा द्वारा किया गया।

### दंपत्तियों को अब पुलिस थाने में नहीं मिलेगी सलाह, परिवार परामर्श केन्द्र बंद

**छिंदवाड़ा/ परासिया.** मामूली विवाद के कारण टूट रहे परिवारों को बचाने में परिवार परामर्श केन्द्रों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है , लेकिन शासन के एक आदेश के बाद अब पूरे मध्यप्रदेश में परिवार परामर्श केन्द्र बंद कर दिए गए है। पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा की ओर से थाना प्रभारियों को लिखे गए पत्र में बताया गया है कि केन्द्र सरकार की स्वाधार गृह योजना के तहत पुलिस विभाग की ओर से परामर्श केन्द्र संचालित किए जा रहे थे। 11 मार्च 2015 को शासन ने पत्र द्वारा सभी परामर्श केन्द्र और महिला हैल्प लाइन को 1 अप्रेल 2015 से बंद करने के निर्देश दिए थे, लेकिन प्रदेश में अभी तक केन्द्र संचालित किए जा रहे थे। रीवा जिले में संचालित परामर्श केन्द्र के संबंध में एक याचिका उच्च न्यायालय में दाखिल की गई थी। इसके बाद 1 अप्रेल 2024 से परामर्श केन्द्र तथा महिला हैल्प लाइन को तत्काल बंद कर दिया गया है। शनिवार को परामर्श केन्द्र परासिया में सभी सलाहकार, डेस्क प्रभारी तथा अनुभाग पुलिस अधिकारी उपस्थित हुए और विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सलाहकारों ने अपने अनुभव और परिवार की अवधारणा के संबंध में विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि परामर्श के माध्यम से सैकड़ों दंपत्तियों के बीच आपसी सहमति बनाकर समझाइश देकर परिवार को टूटने से बचाया गया। अनुभाग पुलिस अधिकारी जितेन्द्र जाट ने कहा कि वह एक वर्ष तक चिकित्सक रहे, उसके बाद पुलिस विभाग में आए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना, बच्चों की शैक्षणिक समस्याओं उनके स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पर कार्य करते रहना चाहिए।

### स्वास्थ्य ही धन है विषय पर हुआ कार्यशाला का आयोजन




**सेंधवा (निर्मला वर्मा)।** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय, पाटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के डॉ नारायण पाटीदार ने दैनिक स्वास्थ्य संबंधी क्रियायों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि वर्तमान में रसायन युक्त खान-पान एवम्प्रदूषित पानी बीमारियों का मुख्य कारण हैक्हमें घर और घर के आसपास साफ सफाई रखना चाहिए क्सब्जी, फल आदि साफ पानी से अच्छी तरह धोकर ही उपयोग में लेना चहिए। खेल अधिकारी अंजूबाला जाधव ने जीवन में योग एवं प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि योग से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है क्प्रतिदिन योगाभ्यास से न केवल हम स्वस्थ रहते हैं बल्कि मानसिक और वैचारिक रूप से भी हम खुशहाल रहते हैं क्प्रथम वर्ष की छात्रा सपना धनगर ने स्वास्थ्य संबंधी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें स्वस्थ एवं ताजा भोजन, साफ सफाई तथा शुद्ध पानी आदि का विशेष ध्यान रखना चाहिए' कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ.मंशाराम बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन का स्थापना दिवस है इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता हैक्इसका प्रमुख उद्देश्य विश्व के सभी लोगों तक स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता लाना एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास करना शामिल है' निरोगी काया आपकी कार्यक्षमता को बढ़ाती है' रोगी व्यक्ति की कार्य करने की क्षमता घट जाती है और दैनिक कार्य में भी मन नहीं लगता है' काया को निरोगी बनाने हेतु पौष्टिक आहार, ताजे फल एवं प्रोटीन युक्त आदि भोजन करना चाहिए' साथ ही योग एवं व्यायाम को भी हमें जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए' विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस कार्यशाला के दौरान महाविद्यालय के ग्रंथपाल श्री भारत सिंह चौहान, प्रो. श्रीमती राजू औसारी महाविद्यालय के जगदीश, सखाराम, कनसिंह,विक्रम और छात्र-छात्राओं में बिल्लोरसिंह सिंह सोलंकी, अमित सोलंकी, संजय अलावे, रंजना सस्ते, सौरभ परिहार सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन प्रो.दिनेश ब्राह्मणे ने किया एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें दैनिक जीवन में पर्याप्त नींद लेना चाहिए एवं मोबाइल आदि के दुरूपयोग से भी बचना चाहिए' शासन की आयुष्मान एवं पौष्टिक आहार जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने हेतु भी प्रयास करना चाहिए'।

# 109 करोड़ के खर्च से शहर की सडक बन रही फोरलेन

### एनएचएआई से मिली मंजूरी के बाद किया जा रहा काम

**सिवनी ■**

शहर की मुख्य सडक को फोरलेन में तब्दील करने का काम 109 करोड़ रुपए की स्वीकृत राशि से किया जा रहा है। जिसके लिए इन दिनों पेड़ों की छंटाई-कटाई के अलावा मिट्टी खुदाई का काम चल रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शहर के भीतर से गुजरे पुराने नेशनल हाइवे सडक को फोरलेन बनाने के लिए 126 करोड़ की मंजूरी दी थी। जिस पर केंद्रीय सडक परिवहन मंत्रालय ने राशि स्वीकृति के बाद एमपीआरडीसी को सडक बनवाने का जिम्मा सौंपा गया। 109 करोड़ के टेंडर को स्वीकृति मिलने का बाद पिछले महीने काम की शुरूआत हुई।

नगझर से लेकर आरटीओ के सामने, लूघरवाड़ा से ज्यारत नाका तक सडक के दोनों ओर खुदाई और पेड़ों की छंटाई का काम किया गया है। इसी तरह से नागपुर रोड पर शहर के खैरीटेक, सीलादेही तक काम होना है। लेकिन काम की धीमी रफ्तार को देखकर लोगों में नाराजगी है। शहर के ज्यारत नाका से नगझर तक कई जगह सडक के किनारे की जमीन को खोद कर छोड़ दिया गया है। वहीं सडक किनारे मिट्टी के ढेर लगे हैं। ऐसे में हादसे की आशंका भी बनी हुई है। शहर के बीच से होकर बनने वाली 13 किमी लंबी फोरलेन सडक व रेल ओवरब्रिज के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की जाना है। जानकारी के अनुसार शहर के अंदर करीब २०० से ज्यादा पेड़ों को काटा जाएगा। इसके लिए काटे जाने वाले पेड़ों पर मार्किंग कर उन पर नंबर डाले गए हैं। वर्तमान में पेंड़ों के आसपास मशीनों से खुदाई और अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। जानकारी के



मुताबिक सीलादेही से नगझर तक फोरलेन सडक डिवाइडर से दोनों ओर सात-सात मीटर चौड़ी बनाई जाएगी। ज्यारत नाका से कृषि विज्ञान केंद्र तक लगभग पांच किमी लंबी डामर रोड को सीसी सडक बनाया जाएगा। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र से सीलादेही व ज्यारत नाका से नगझर तक की टू-लेन सडक को फोरलेन में बदलकर डामरीकृत किया जाएगा।

साथ ही रेलवे स्टेशन से लगे नागपुर रोड रेल फाटक पर लगभग छह सौ मीटर लंबा ओवरब्रिज भी बनाया जाएगा। ब्रिज बनाने के लिए प्रारंभिक काम शुरू हो गया है। फोरलेन सडक निर्माण के लिए सीलादेही से कृषि विज्ञान केंद पुलिया तक टू-लेन सडक के दोनों ओर मार्किंग, भूमि समतलीकरण के लिए खुदाई जारी है।

#### मिट्टी के ढेर से हो रहे हादसे

शहर के दोनों तरफ सडक को फोरलेन बनाने के चल रहे काम के दौरान खोदी गई मिट्टी सडक पर ही जगह-जगह ढेर लगाकर रख दी गई है। जिसके कारण सडक सकरी होने से हादसे हो रहे हैं। पिछले दिनों जबलपुर रोड पर पावर ग्रिड के पास एक बाइक सवार मिट्टी के ढेर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो चुका है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मिट्टी के ढेर हटवाए जाने चाहिए, इसके कारण कई लोग चोटिल हो चुके हैं।

#### अधिकारी ने दी जानकारी

गगन भांवर, डिविजनल मैनेजर एमपीआरडीसी का कहना है कि शहर के अंदर से होकर बनने वाली फोरलेन सडक व रेलवे ओवरब्रिज का अनुबंध पिछले दिनों हुआ है। समय पर निर्माण कार्य पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। राहगीरों की सुरक्षा के लिए सडक किनारे मिट्टी के छोटे ढेर रखे गए हैं, ताकि वाहन चालक रोड से नीचे ना आएं।

## मौसम में बदलाव, किसानों के लिए खड़ी हुई परेशानी आसमान में छाई रही बदली, हल्की बूंदाबांदी भी हुई

**बालाघाट ■**

जिले में मौसम ने एक बार फिर से करवट बदल ली है। रविवार को सुबह से आसमान पर बदली छाई रही। कुछेक स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी भी हुई। वहीं मौसम में नमी घुलने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम में बदलाव से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट नजर आने लगी है। हालांकि, बारिश रबी सीजन के धान की फसल के लिए फायदेमंद है। इधर, मौसम विभाग ने भी 9 अप्रेल तक आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी दी है।

रविवार की सुबह से लेकर शाम तक आसमान पर बदली छाई रही। सुबह, दोपहर के वक्त हल्की बूंदाबूंदा भी हुई। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अचानक मौसम में परिवर्तन की वजह से



#### गेहूं की फसल को होगा नुकसान

मौजूदा समय में किसान गेहूं की कटाई व मिसाई का कार्य कर रहे हैं। ऐसे में बारिश होती है तो गेहूं की फसल को काफी नुकसान होगा। पूर्व में हुई ओलावृष्टि और बारिश के कारण भी गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। इस कारण किसान और चिंतित है।

ठंडी हवाएं चलते रही। इधर, मौसम में बदलाव के चलते सब्जियों के खराब होने की संभावना बनी हुई है। दरअसल, जिले में हरी सब्जियां भी उगाई जाती है। हालांकि, सब्जियों का उत्पादन कम होता है। लेकिन जिन किसानों ने सब्जियां लगाई है, उन्हें नुकसान होने की संभावना बनी हुई है।

#### मौसम विभाग की चेतावनी

जिला कृषि मौसम विज्ञान केंद्र बालाघाट को प्राप्त 5 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार जिले में 7 से 9 अप्रेल तक मध्यम बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश व तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि, वज्रपात की संभावना बनी हुई है। इस दौरान अधिकतम तापमान 38.2 से 40.2 डिग्री, न्यूनतम तापमान 17.9 से 22 डिग्री सेल्सियस, सुबह हवा में 50 से 96 प्रतिशत, दोपहर में 27 से 46 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में हवा कि गति लगभग 8 से 39 किलो मीटर प्रति घंटे दक्षिण पश्चिम से उत्तर पश्चिम दिशा में रह सकती है।

## दिग्विजय की यात्रा में अश्लीलता का आरोप, सारंग बोले- यह महिलाओं के प्रति कांग्रेस की दुर्भावना

**भोपाल ■**

पूर्व मुख्यमंत्री और राजगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह मतदाताओं को साधने के लिए वादा निभाओ यात्रा निकाल रहे हैं। इस यात्रा में भाजपा ने अश्लीलता परोसने को लेकर निशाना साधा है। मंत्री विश्वास सारंग ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर लिखा कि यह है कांग्रेस और दिग्विजय सिंह की महिलाओं के प्रति 'वादा निभाओ यात्रा'! राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह द्वारा चाचोड़ा विधानसभा क्षेत्र के सिंगापुरा गांव में वादा निभाओ यात्रा के दौरान इस प्रकार के आयोजन कर समाज में अश्लीलता परोसी गई। यह कांग्रेस की महिलाओं के प्रति दुर्भावना को दशार्ता है, जो बेहद शर्मनाक है।

#### कांग्रेस का असली चरित्र उजागर

वहीं, भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने भी वीडिया शेयर कर सोशल मीडिया पर लिखा कि यह है कांग्रेस का असली चरित्र और नारी सम्मान की हकीकत...। सोशल मीडिया पर वायरल यह वीडियो खुद बता रहा है, दिग्विजय सिंह जी की पदयात्रा की हकीकत...भीड़ जुटाने के लिए बेशर्मी की सभी हदें पार कर दी... कांग्रेस के स्टार प्रचारक की यह है स्थिति...। दरअसल वीडियो में दिग्विजय सिंह की वादा निभाओ पदयात्रा का पोस्टर लगा है। इसमें दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह का फोटो लगा है। इसके सामने कुछ लोग एक महिला के साथ डांस करते दिखाई दे रहे हैं।



### झूठे जाल में फंसकर लुटने के बाद भी बदनामी के डर से नहीं दर्ज कराते रिपोर्ट

**नागौर।** युवा हो या बुजुर्ग, हनी ट्रेप का शिकार हो रहे हैं। ब्लैकमेलिंग ज्यादा बढने पर ये पुलिस के पास तो पहुंचते हैं पर एफआईआर दर्ज कराने से मना कर देते हैं। केवल यही कहते हैं कि ऊपरी तौर पर ही समझा-बुझाकर पीछा छुड़ा दिया जाए। पुलिस के बार-बार कहने पर ये मामला दर्ज कराने से बचते हैं। बदनामी का डर उन्हें एफआईआर दर्ज कराने से रोक रहा है। इनदिनों फर्जी लड़की बनकर चैट के जरिए भी लोगों को फंसाना शुरू हो गया है। कई मामले तो पुलिस तक भी नहीं पहुंचते। बदनामी का डर उन्हें एफआईआर दर्ज कराने से रोक रहा है। इनदिनों फर्जी लड़की बनकर चैट के जरिए भी लोगों को फंसाना शुरू हो गया है। कई मामले तो पुलिस तक भी नहीं पहुंचते। पुलिस तक वे मामले ही पहुंच पाते हैं जिसमें लोग ब्लैकमेलिंग से बहुत ज्यादा परेशान हो जाते हैं।

## दूसरे चरण की सात सीटों के लिए आज को नाम वापसी का अंतिम दिन




**भोपाल ■**

मध्य प्रदेश में दूसरे चरण के चुनाव में शामिल रीवा, सतना, टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, बैतूल और होशंगाबाद लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों की स्थिति सोमवार शाम तक साफ हो जाएगी।

आठ अप्रैल को इन सीटों पर नाम वापस लेने का अंतिम दिन है। इसके बाद साफ हो जाएगा कि किस सीट पर कितने उम्मीदवारों के बीच लड़ाई है। कहां सबसे अधिक और कहां सबसे कम उम्मीदवार हैं। यहां 26 अप्रैल को मतदान होना है, यानी नाम वापसी के बाद 16 दिन प्रचार के लिए प्रत्याशियों को मिलेंगे। परीक्षण के बाद 93 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं। 16 नामांकन पत्र निरस्त हो गए हैं। वहीं, तीसरे चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से शुरू होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 93 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं, जबकि गलतियों के चलते 16 के अस्वीकृत कर दिए गए हैं। टीकमगढ़ (अजा) में आठ, दमोह में 16, खजुराहो में 14, सतना में 20, रीवा में 14, होशंगाबाद में 12 और बैतूल (अजजा) में नौ अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र सही पाए गए हैं। वहीं, टीकमगढ़, दमोह और सतना में दो-दो, खजुराहो और रीवा में पांच-पांच अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र रद किए गए हैं।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भोपाल में आम आदमी पार्टी ने किया सामूहिक उपवास



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। इसको लेकर मध्य प्रदेश में भी पार्टी के नेताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को भोपाल के नीलम पार्क में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने सामूहिक उपवास किया। पार्क में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट हुए और भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।

आप नेताओं ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा करना चाहिए। आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर विपक्ष को कुचला जा रहा है। सरकारी एजेंसियां ईडी, सीबीआई, आईटी काम कर रही है और विपक्ष के नेताओं को टॉरगेट कर रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री को ईडी ने झूठे केस में फंसाया है।

## भोपाल में रविवार को जमकर मना खरीदी पर्व बाजारों में लोगों की भीड़ ने बढ़ाई रौनक

**भोपाल ■**

माह-ए-रमजान अपने अंतिम पड़ाव पर है। अगले कुछ दिनों में ईद का त्योहार मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों में अब लोग मसरूफ हो गए हैं। रविवार को भोपाल शहर के विभिन्न बाजार खरीदी बिक्री से सजे रहे। इस दिन स्थाई बाजारों के अलावा ईद के अस्थाई बाजारों में खरीदारों की भीड़ दिखाई दी। रविवार को पुराने शहर के सभी परंपरागत बाजार खुले दिखाई दिए। ईद की खरीदी बिक्री को लेकर दुकानदारों द्वारा खास स्टॉक के साथ ग्राहकों का स्वागत किया जा रहा था। शहर का चौक बाजार, इब्राहिमपुरा, नदीम रोड, लखेरापुरा रविवार को खास रौनक लिए हुए दिखाई दिए। रमजान माह में लगने वाले खास संडे मार्केट में भी रविवार को खासी भीड़ दिखाई दी। रमजान का आखिरी बाजार और ईद का त्योहार करीब होने से लोग अपनी जरूरत का सामान लेने यहां उमड़े थे। सस्ता और जरूरत का हर सामान एक ही जगह मिल जाने के चलते लोगों का हुजूम यहां दिखाई देता है।



#### भोपाल टाकीज बाजार भी हुआ गुलजार

सिंधी कॉलोनी चौराहे से भोपाल टाकीज तक हर इतवार को लगने वाला सेकंड हैंड सामान का बाजार भी इन दिनों शबाब पर दिखाई दे रहा है। पुराने फर्नीचर से लेकर घरेलू उपयोग के विभिन्न सामान किफायती दाम पर मिल जाने के लिए पसंद किया जाने वाला ये बाजार रमजान के रविवारों में खास खरीदी बिक्री से सजा दिखाई दे रहा है।

#### हमीदिया बाजार में उमड़े खरीदार

अल्पना तिराहे से नादरा बस स्टैंड और इससे आगे चलकर भोपाल टाकीज बाजार तक में समाहित हो जाने वाला जूते, चप्पल, कपड़े, बेल्ट, मोबाइल एक्सेसिरिज का यह बड़ा बाजार हो चुका है। रमजान माह में यहां भी खासी भीड़ बनी हुई है।

#### अब दौड़ जुमेराती की

ईद की सेवइयां और शीर खुरमा तैयार करने के लिए भी लोगों ने बाजार का रुख किया है। इसके लिए मंगलवारा का थोक किराना बाजार और जुमेराती बाजार लोगों की पसंद बना हुआ है। ड्राई फ्रूट्स और ईद के विभिन्न पकवानों के लिए सामान खरीदने लोग इन बाजारों में पहुंच रहे हैं। देर रात तक यहां खरीद-फरोख्त का सिलसिला जारी रहता है।

#### रौनक इन बाजारों में भी

पुराने शहर के जहांगीराबाद बाजार, बाग फरहत अफजा, आरिफ नगर, टीला जमालपुरा बाजार भी ईद की खरीदी के लिए लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। शुरूआती महीने में नौकरी पेशा लोगों की जेब में सेलरी मौजूद है तो कामकाजी लोगों को भी महीने का पारिश्रमिक हाथ लग चुका है। इसके चलते लोगों ने अपनी ईद की तैयारियों को अंजाम देना शुरू कर दिया है।

## पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने किया रोड शो, चुनावी सभा को किया संबोधित

**बालाघाट ■**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी 7 अप्रेल को बालाघाट प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वारासिवनी, बालाघाट और परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। खैरलांजी, गर्रा और रजेगांव में चुनावी सभा को संबोधित किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीसीसी अध्यक्ष पटवारी ने पीएम नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान, लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इस चुनाव में भाजपा जब वोट मांगने आए तो उन्हें पहले 31 सौ रुपए धान का मूल्य देने के लिए कहना है। यदि नहीं देते हैं तो उन्हें एक मुठ्ठी धान देकर बिदा कर देना। उन्हें यह भी कहना है कि जब तक धान का मूल्य 31 सौ रुपए नहीं, तब तक भाजपा को वोट नहीं।



उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के चुनाव में पेट्रोल के दाम कम करने, 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने, काला धन वापस लाने, किसानों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य देने का वादा किया था। पेट्रोल के दाम कम हुए नहीं बल्कि 110 रुपए लीटर हो गए। 2 करोड़ लोगों को रोजगार मिला नहीं बल्कि युवा बेरोजगार हो गए। स्वीस बैंक की लिस्ट आई नहीं लेकिन एसबीआइ की लिस्ट आ गई। इस लिस्ट में ऐसे 40 लोगों के नाम है, जिन पर भाजपा ने ईडी, सीबीआइ के छापे मरवाए थे। इन्हीं 40 लोगों ने अब 50 से 500 करोड़ रुपए का चंदा भाजपा के बैंक खाते में नंबर एक पर दिया है। पीएम मोदी ने दो-चार अलग-अलग कंपनियों को विभिन्न निर्माण कार्यों का ठेका दे दिया। इन्हीं कंपनियों ने अब भाजपा को 1-1 हजार करोड़ रुपए का चंदा दिया है। पीएम मोदी ने कोरोना काल में एक ऐसी कंपनी को वेक्सिन बनाने का ठेका दे दिया, जिसकी इनकम ही 180 करोड़ रुपए थी। लेकिन उस कंपनी से 11 सौ करोड़ रुपए का चंदा ले लिया। उन्होंने जनता से पूछा यह रिश्वत, करप्शन है कि नहीं? इसके अलावा उन्होंने किसान हित की बातें कही।

#### पीसीसी अध्यक्ष ने तले पकोड़े, चाय भी बनाई

पीसीसी अध्यक्ष ने खैरलांजी क्षेत्र में रोड शो के दौरान आरंभा में पकोड़े तले। इस दौरान उन्होंने दुकानदार से सवाल किया कि तेल क्या भाव लेते हो? दुकानदार ने जवाब दिया कि तेल का टीन लेकर आते हैं। इसके बाद उन्होंने पुनः सवाल किया कैसे लीटर तेल लेते हो? इस पर दुकानदार ने जवाब दिया कि 120 रुपए लीटर। इसके बाद पीसीसी चीफ ने कहा कि पांच साल पहले क्या भाव था... उन्होंने स्वयं ही कहा 60 रुपए लीटर। इसके अलावा उन्होंने पकोड़े की बिक्री कैसे करते हो ? इसकी भी जानकारी ली।

# मनोरंजन

## बॉक्स ऑफिस पर भी राज कर रही कृति सेनन, एक्ट्रेस ने साल 2024 में बिखेरे अपने सफलता के रंग



बालीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस कृति सेनन ने मिमी फिल्म में एक सरोगेट मदर की भूमिका निभाई है और इसने अपनी आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस की वजह से उन्हें नेशनल अवॉर्ड तक से नवाजा जा चुका है। ऐसे में साल 2024 में एक्ट्रेस अपनी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और क्रू के साथ लोगों के दिलों पर ही नहीं बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी राज कर रही हैं। कृति ने अपनी डेब्यू फिल्म से लेकर अब तक अपने क्राफ्ट पर काफी मेहनत की है और आज उसका फल उन्हें सफलता के रूप में चखने मिल रहा है। आज की तारीख में बहुत कम एक्टर्स हैं जिनकी फिल्में लगातार हिट होती हैं, और कृति ने यह साबित कर दिया है कि वह अपनी एक्टिंग स्किल से यह मुमकिन बना सकती हैं। कृति हमेशा अपने आप को किरदार के मुताबिक ढलती हैं। उन्होंने अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर अलग तरह के किरदार निभाए हैं, जिसमें मिमी (सरोगेट मदर), तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और अब क्रू जैसी भूमिकाएं शामिल हैं। क्रू ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन दिखाया है और इस तरह से यह कृति की बॉक्स ऑफिस पर सफल होने वाली लगातार दूसरी फिल्म बन गई है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श कहते हैं: कृति की ग्रोथ शानदार है। नेशनल अवॉर्ड भी शामिल है, उनकी लगन और मेहनत को दर्शाती है। साल की पहली छमाही में लगातार हिट फिल्मों के साथ, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट और कियारा आडवाणी सहित बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में कोई शक नहीं है।

## एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ हर कोई काम करना चाहता है



एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ फिर से जुड़ने को लेकर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए एक्ट्रेस सई तम्हणकर ने कहा कि ये बहुत ही शानदार अहसास है क्योंकि एक्सेल एंटरटेनमेंट उन प्रोडक्शन हाउसेस में से एक है जिसके साथ हर कोई काम करना चाहता है और मुझे उनके साथ तीन बार काम करने का मौका मिला, डब्बा कार्टेल सहित मेरे करियर का ये एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। अपने सह-कलाकार इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के बारे में सई कहती हैं, इमरान और प्रतीक शानदार अभिनेता हैं। उनके साथ काम करने का मौका मिलना मेरे लिए एक सौभाग्य की बात है। मैं उत्साहित हूँ कि दर्शक हमारे द्वारा क्रिएट किए गए मैजिक को एंजॉय करेंगे। मुझे उम्मीद है कि मेरे जैसे हार्ड वर्क करनेवाले लोगो के लिए अपॉर्च्युनिटी के डोर ओपन कर रही हूं।ग्राउंड ज़ीरो और अग्नि के अलावा, दर्शक इस साल के अंत में नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होने वाली डब्बा कार्टेल में सई के प्रदर्शन को एंजॉय कर सकते हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ साई की तीसरी बार सहयोग को चिह्नित करने वाली इस फिल्म में शबाना आज़मी, ज्योतिका, शालिनी पांडे, निमिषा सजयन, अंजलि आनंद, गजराज राव और जिशु सेनगुप्ता जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

## भूमि को यंग ग्लोबल लीडर के रूप में मिली मान्यता, जिनेवा में प्रतिष्ठित वायजीएल की 2024 कक्षा में होगी शामिल



बालीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर को वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम द्वारा यंग ग्लोबल लीडर (वायजीएल) के रूप में मान्यता दी जा रही है! क्लाइमेट वॉरिअर और विचारक नेता भूमि को इस साल के अंत में जिनेवा में प्रतिष्ठित वायजीएल की 2024 कक्षा में शामिल किया जाएगा! कोविड -19 महामारी के दौरान जीवन बचाने के अपने अविश्वसनीय काम के साथ-साथ स्थिरता और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता बढ़ाने में भूमि के योगदान की सभी ने सराहना की है। प्रतिष्ठित वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम द्वारा शुरू किए गए यंग ग्लोबल लीडर्स समुदाय का उद्देश्य दुनिया की कुछ सबसे जरूरी चुनौतियों से निपटने के लिए 40 वर्ष से कम आयु के उत्कृष्ट व्यक्तियों को पहचानना और सम्मानित करना है। कार्यक्रम का उद्देश्य उन व्यक्तियों को सशक्त बनाना है जिन्होंने अधिक टिकाऊ और समावेशी भविष्य को आकार देने के लिए उत्कृष्ट नेतृत्व और प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। यह सम्मान जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में जागरूकता बढ़ाने और प्रभावशाली बदलाव लाने की भूमि की प्रतिबद्धता को उजागर करता है। पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवन के लिए एक उत्साही व्यक्ति के रूप में, भूमि ने अपने मंच का उपयोग विभिन्न कारणों, जैसे कि अपशिष्ट पृथक्करण, वर्षा जल संचयन, रीसाइक्लिंग, अपसाइक्लिंग, जागरूक फैशन विकल्प और कई अन्य मुद्दों पर जोर देने के लिए किया है।




# शेफर्ड ने मुंबई के लिए मचाई तबाही तो स्टब्स ने कैपिटल्स के लिए किया धमाका

**नई दिल्ली ■**

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 20वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 29 रन से हराकर सीजन की पहली जीत हासिल की। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में 5 विकेट गंवाकर 234 रन बनाए। 235 रन के लक्ष्य का सामने दिल्ली कैपिटल्स की टीम सिर्फ 8 विकेट गंवाकर 205 रन ही बना सकी और सीजन का चौथा मुकाबला हार गई। इस मुकाबले में जहां मुंबई की ओर से रोमारियो शेफर्ड और टिम डेविड ने आतिशी बल्लेबाजी की तो दिल्ली की ओर से ट्रिस्टन स्टब्स ने ताबड़तोड़ पारी खेली लेकिन बुमराह की धार ने दिल्ली की हार सुनिश्चित कर दी।

**बुमराह ने पलट दिया मैच**



### शेफर्ड ने मचाई वानखेड़े में तबाही

इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मुंबई इंडियंस को रोहित शर्मा और ईशान किशन ने धमाकेदार शुरुआत दी और 6 ओवर में टीम को 75 के स्कोर तक पहुंचा दिया। ईशान 23 गेंदों में 42 रन बनाकर आउट हुए तो रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में 49 रन की पारी खेली। इसके बाद टिम डेविड ने 21 गेंदों में 45 रन बनाए और पारी के आखिरी ओवर में रोमारियो शेफर्ड ने 32 रन कूटकर टीम को 234 के स्कोर तक पहुंचा दिया।

### बुमराह को तोड़ नहीं ढुंढ पाए दिल्ली के बल्लेबाज

ट्रिस्टन स्टब्स ने दिल्ली की उम्मीदें जगाए रखी और एक छोर से लगातार बड़े शॉट खेलते रहे। उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। 19वें ओवर में अक्षर पटेल रनआउट हो गए तो उससे पहले कप्तान ऋषफ पंत 3 गेंद सामने करने के बाद सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आखिरी ओवर में दिल्ली के 3 विकेट और गिर गए और दिल्ली 29 रन से मुकाबले में पीछे रह गई। जसप्रीत बुमराह ने इस दौरान 4 ओवर में सिर्फ 22 रन खर्च किए और 2 सफलता हासिल की। बुमराह की गेंदबाजी इस मुकाबले में अंतर साबित हुई, जिसकी बदलौत मुंबई इंडियंस को सीजन की पहली जीत मिली।



### वॉर्नर रहे फ्लॉप, शॉ ने किया कमाल

235 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ मिलकर अच्छी शुरुआत नहीं दे पाए और 22 रन पर ही टीम को पहला झटका लग गया। वॉर्नर 10 रन बनाकर आउट हुए तो अभिषेक पोरेल के साथ मिलकर पृथ्वी शॉ ने दिल्ली को 100 के पार पहुंचाया। शॉ 40 गेंदों में 66 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह की गेंद पर आउट हुए। पोरेल को भी बुमराह ने आउट कर मैच में मुंबई की पकड़ मजबूत कर दी।

## टी20 विश्वकप में रोहित , विराट के पास नये रिकार्ड बनाने का अवसर

**मुम्बई।** टी20 विश्वकप में कई रिकार्ड अब भी कायम हैं। ऐसे में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा के पास इनको तोड़ने का अच्छा अवसर है। आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से होगा। ऐसे में विराट कोहली और रोहित शर्मा पर सभी की नजरें होंगी। टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। कोहली ने 27 मैचों में सबसे ज्यादा 1141 रन बनाए हैं। इस लिस्ट में श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने 1016 दूसरे वहीं क्रिस गेल 965 रन बनाकर तीसरे नंबर पर हैं।

## अब अगले माह होने वाले प्रो लीग मुकाबलों की तैयारी में लगी महिला हॉकी टीम : सविता

**नई दिल्ली ■**

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पूनिया ने कहा है कि भारतीय टीम को मई जून में बेल्जियम में प्रो लीग मुकाबले खेलने हैं और टीम का ध्यान इसके लिए फिटनेस पर है। सविता ने कहा, 'अब नया कोर ग्रुप बना है और कुछ नए खिलाड़ी भी आये हैं। फिटनेस और ड्रैग फ्लिक पर हमारा पूरा ध्यान है। जो हॉकी हम लगातार खेल रहे हैं, उसी पर काम करना है।

वहीं पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में असफलता को लेकर इस अनुभवी गोलकीपर ने कहा, 'मैं उसके बारे में बात नहीं करना चाहती



थी क्योंकि इससे दुख ही होता है। हमने टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने की खुशी देखी और अब ओलंपिक नहीं खेलने का दर्द भी पर हम खिलाड़ी हैं और हार जीत हमें बहुत कुछ सिखाती है। उन्होंने कहा, 'हम सभी ने अपना सौ फीसदी योगदान दिया और हमारी तैयारी बहुत अच्छी थी। उम्मीद है कि अगले टूर्नामेंटों में अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। भारत के लिये 2008 में सीनियर स्तर पर पदार्पण करने वाली सविता ने कहा, 'लोग सिर्फ परिणाम देखते हैं पर एक सीनियर खिलाड़ी या कप्तान के तौर पर मैं कह सकती हूं कि हमारा प्रदर्शन ग्राफ ऊपर ही गया है। उन्होंने कहा, 'खेल की अच्छी बात यही है कि आपको पिछला भुलाकर बहुत जल्दी आगे बढ़ना पड़ता है। इसलिए मैं पुणे में सीनियर राष्ट्रीय महिला चैम्पियनशिप खेलने आई क्योंकि हॉकी मेरा जुनून है और मैदान से जितना दूर रहूंगी, ये बात परेशान करती रहेगी।

## सीएसके और केकेआर के बीच मुकाबला आज




**चेन्नई ■**

चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला करेगी। सीएसके का लक्ष्य इस मैच में घरेलू हालातों का लाभ उठाकर जीत दर्ज करना रहेगा। उसके लिए हालांकि ये आसान नहीं रहेगा क्योंकि पिछले दो मैचों में लगातार मिली हार से टीम का मनोबल गिरा हुआ है। इसके अलावा केकेआर की टीम इस बार जबरदस्त फार्म में है और लगातार जीतती आ रही है।

सीएसके को अगर ये मैच जीतना है तो उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टीम के नये कप्तान कप्तान रुतुराज गायकवाड़ और रचिन रविंद्र को अधिक से अधिक रन बनाने के साथ ही पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में विफल रहे हैं। अब तक इस टूर्नामेंट में शिवम दुबे ने अच्छी बल्लेबाजी की है और उनसे इस मैच में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। शिवम ने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। युवा समीर रिज्वी को इस मैच में जगह मिलती है या नहीं ये भी देखना होगा। समीर ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रनबनाए थे पर इसके बाद अगले मैच में वह विफल रहे थे और उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

**मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा**

## हर्षिता ने राष्ट्रीय जूनियर बेसबाल प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**इंदौर ■**

पंजाब के संगरूर में आयोजित 31वीं राष्ट्रीय जूनियर बेसबाल बालक-बालिका प्रतियोगिता में सीएम राइज मल्हाराश्रम स्कूल की 11वीं की छात्रा हर्षिता यादव ने मप्र टीम का प्रतिनिधत्व करते हुए कांस्य पदक जीता है। मध्यप्रदेश ने केरल को 10-0 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सीएम राइज मल्हाराश्रम स्कूल के प्राचार्य देवेंद्र कुमार रामिश ने बताया कि 22 से 26 मार्च तक पंजाब के संगरूर में पंजाब बेसबाल संगठन द्वारा 31वीं राष्ट्रीय जूनियर बेसबाल बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें 18 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश बेसबॉल बालिका टीम का (शालेय खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त) प्रतिनिधित्व 11वीं की छात्रा हर्षिता यादव ने किया। टीम मध्य प्रदेश ने हर एक मैच में अपना बेहतर प्रदर्शन किया।


## ओलंपिक की तैयारियों के कारण उबर कप नहीं खेलेंगी खेलेंगी सिंधु

**नई दिल्ली ■**

आगामी पेरिस ओलंपिक से पहले पूरी तरह से फिटनेस हासिल करने के लिए भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने उबर कप में नहीं खेलने का फैसला किया है। इसी साल फरवरी में बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के जरिये वापसी करने के बाद से सिंधु ने अब तक छह टूर्नामेंट खेले हैं पर वह अपनी लय के लिए संघर्ष करती दिखी हैं। सिंधु के अलावा शीर्ष दो युगल टीमों ने भी उबर कप में नहीं खेलने का फैसला किया है।

महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो भी उबर कप में नहीं खेलेंगी। इनका ध्यान भी आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग मुकाबलों पर रहेगा। बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा ,'' सिंधु चोट के बाद वापसी कर रही है और पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये उसे समय चाहिये। युगल टीमों ने भी नाम वापिस ले लिया है क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ समय में काफी टूर्नामेंट खेले हैं और अब वे ओलंपिक क्वालीफाइंग मैचों के लिए तरोताजा रहना चाहते हैं।




प्रकाशक एवं मुद्रक **विष्णु गोयल** द्वारा स्वामी शिवा पब्लिकेशन के लिए 1-ए, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स एबी रोड, इंदौर, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विस प्रा.लि. रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, सेंटर पाइंट, मांगलिया बायपास, इंदौर, मध्यप्रदेश से मुद्रित। Epaper_www.globalherald.news
प्रधान संपादक -**विष्णु गोयल**, सलाहकार संपादक- **सौरभ बैनर्जी**, प्रदेश संपादक- **दिलीप शर्मा**, स्थानीय संपादक **सत्येन्द्र जैन***( *समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार )। मोबाइल नं.:-7999509078, आर.एन.आई. नं. MPHIN/2012/41876, email- editor@nationalherald.org, डाक पंजीयन क्रमांक - **MP/IDC/1438/2016-2018**